ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 22 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-129 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

पिया बाजपेयी ने बताया कैसे भाई के... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई का लाइव ट्रांसक्रिप्शन किया शुरू

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रायोगिक आधार पर सुनवाई के लाइव ट्रांसक्रिप्शन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल शुरू किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ के कोर्टरूम में लाइव ट्रांसक्रिप्शन लॉन्च किया गया है। पहल की घोषणा करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा : हम देखेंगे कि यह विशेष रूप से संविधान पीठ के मामलों में कैसे काम करता है, क्योंकि तब हमारे पास तर्कों का एक स्थायी रिकॉर्ड होगा। यह न्यायाधीशों और वकीलों की मदद करता है, लेकिन यह हमारे लॉ कॉलेजों की भी मदद करेगा। वे विश्लेषण कर सकते हैं कि मामलों पर कैसे बहस की जाती है। यह एक बहुत बड़ा संसाधन है। यह एक नियम बनने से पहले ट्रांसक्रिप्शन में कमी को दूर करने के लिए एक या दो दिनों के लिए प्रायोगिक आधार पर किया जाएगा।

भारत के साथ हम और बढ़ाएंगे व्यापार और रणनीतिक सहयोग : पुतिन

एजेंसी। मास्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, भारत के साथ अपने रणनीतिक सहयोग और व्यापार को बढ़ाना जारी रखेगा। उन्होंने एशिया में भारत, चीन आदि देशों से व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के विस्तार की भी घोषणा की। पुतिन ने कहा कि रूस विदेशी आर्थिक संबंधों का विस्तार करेगा और नए लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाएगा। रूस, भारत, ईरान, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से आर्थिक संबंध बढ़ाने के लिए नॉर्थ-साऊथ कॉरिडोर को विकसित करेंगे। पुतिन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर जोर देते हुए कहा कि हम भारत, ईरान, पाकिस्तान के साथ सहयोग बढ़ाने की उम्मीद करते हैं। हम भारत के साथ अपने व्यापार को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर को बनाने का काम जारी रखेंगे। रेलवे का आधुनिकीकरण और उत्तरी शिपिंग मार्गों में सुधार भी हमारी योजना का हिस्सा है। हम ब्लैक एंड अजोव समुद्री मार्गों, नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के बंदरगाहों का विकास करेंगे और उत्तरी समुद्री मार्ग की क्षमताओं को बढ़ाएंगे। इससे चीन, भारत, ईरान और अन्य मित्र देशों के साथ सहयोग का विस्तार और गहरा होगा।

लातेहार में नक्सलियों का तांडव

सड़क निर्माण में लगे मिक्सर मशीन और ट्रैक्टर को दिनदहाड़े जलाया

तुम्बागढ़ा-केढ़ के बीच बन रहे मार्ग की घटना

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार/ बरवाडीह। जिले के मनिका थाना क्षेत्र के रांकीकला गांव में तुम्बागढ़ा से छिपादोहर तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन तथा एक ट्रैक्टर को उग्रवादियों ने मंगलवार की दोपहर जला दिया। बताया जाता है कि तीन की संख्या में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के उग्रवादी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। उन्होंने सबसे पहले हवाई फायरिंग की। उसके बाद वहां कार्य कर रहे मजदूरों और ऑपरेटरों को बंदूक के बल पर कब्जे में ले लिया। उग्रवादियों ने कार्य में लगी मिक्सचर मशीन और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान उग्रवादियों ने वहां कार्य कर रहे मजदूरों को धमकी देते हुए कहा कि बिना संगठन के आदेश के यदि फिर से काम आरंभ किया गया तो अंजाम बुरा होगा। इसके बाद सभी वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि लेवी के लिए नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। विदित हो कि तुम्बागड़ा से रांकीकला होते हुए केढ़ को जोड़ने वाली यह लातेहार और पलामू जिले के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

पलामू पुलिस ने आठ एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने अभियान चलाकर मनातू थाना क्षेत्र के उरूर गांव के जंगल में लगे करीब आठ एकड़ पोस्ते की फसल को नष्ट कर दिया है। पोस्ते की फसल वन विभाग की भूमि पर लगायी गयी थी। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उरुर जंगल में काफी मात्रा में पोस्ते के फसल तैयार होकर लहलहा रही है। इसी सूचना पर पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर पलामू पुलिस ने संयुक्त रूप से उरूर जंगल में अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई में आठ एकड़ में लगी पोस्ते के फसल को नष्ट किया गया। सभी फसल को ट्रैक्टर से जोतवाकर नष्ट की गई। बताया जाता है कि उरुर में लगी पोस्ते के फसल तैयार हो गया था। उससे निकलने वाले पदार्थ को निकालने की तैयारी चल रही थी। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मनातू के उरूर जंगल में पोस्ते के खेती होने की सूचना पर एक टीम गठित कर वन विभाग के अधिकारियों व पुलिस बल के सहयोग से जसपुर जंगल में लगी पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर से जोतवाकर नष्ट कर दिया गया। पोस्ते के फसल वन भूमि क्षेत्र में लगा था। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती करने वाले सभी लोग जेल जाएगे किसी भी सूरत पर अफीम की खेती को पनपने नहीं देंगे। अफीम छापेमारी अभियान में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

चीफ इंजीनियर के कई ठिकानों पर ईडी का छापा

अरबों के निवेश, करोड़ों के जेवरात बरामद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल व ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम व उनके करीबी ठेकेदार, रिश्तेदारों के 24 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की। सोमवार की सुबह एक साथ ईडी ने रांची, जमशेदपुर, पटना, सिवान, हरियाणा के सिरसा, दिल्ली के 24 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने रांची में ग्रामीण कार्य विभाग के दफ्तर में भी छापेमारी की, जहां वीरेंद्र राम मुख्य अभियंता के प्रभार में हैं। टेंडर से जुड़े कागजातों की पड़ताल ईडी ने कार्यालय में की। छापेमारी के दौरान ईडी को वीरेंद्र राम के अरबों की संपत्ति की जानकारी मिली है। वहीं, इंजीनियर के अलग-अलग आवास से एक दर्जन से अधिक महंगी ब्रांडेड गाड़ियां ईडी ने बरामद की है। छापेमारी के बाद ईडी की टीम ने रांची के अशोक नगर स्थित आवास में वीरेंद्र राम व उनके रिश्तेदार आलोक रंजन को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि, दोनों की गिरफ्तारी इस मामले में नहीं हुई है।

डेढ़ करोड़ से अधिक के जेवरात व अरबों के निवेश का सुराग

ईडी की छापेमारी के दौरान रांची के अशोकनगर स्थित आवास से डेढ़ करोड़ से अधिक के हीरे-जेवरात बरामद किए गए हैं। बरामद जेवरात की कीमतों का आंकलन किया जा रहा है। वहीं, अलग-अलग जगहों पर छापेमारी के दौरान अरबों के निवेश के सुराग ईडी को मिले हैं। ईडी को अंदेशा है कि कई शेल कंपनियों में भी अवैध कमाई की मनी लाउंड्रिंग की गई है। इससे संबंधित दस्तावेज भी ईडी को मिले हैं।

डाटा इंट्री ऑपरेटर से लेकर सीए व रिश्तेदारों के ठिकानों पर छापे

ईडी की टीम ने दिल्ली में वीरेंद्र राम के डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास, दिल्ली के छतरपुर में निर्माणाधीन महलनूमा आवास में छापेमारी की। वहीं, दिल्ली व सिरसा में दर्जनभर से अधिक डाटा इंट्री ऑपरेटरों के यहां भी छापेमारी की गई। जिनके यहां से पैसों की मनी लाउंड्रिंग के पुख्ता सबूत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, ठेकेदारों से कट मनी के तौर पर ली गई राशि की मनी लाउंड्रिंग में सहायक चार्टर एकाउंटेंट के यहां भी ईडी ने छापेमारी की है। जहां से कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ईडी की टीम ने रांची में वीरेंद्र राम के साले पंकज, हिंदपीढ़ी इलाके में रहने वाले ठेकेदार अतीकुर्रहमान और अतीकुर्रहमान के रिश्तेदार के यहां ठाकुरगांव में भी छापेमारी की।

आधा दर्जन से अधिक राजनेता आ सकते हैं ईडी रडार पर

वीरेंद्र राम के बेहतर संबंध पूर्ववर्ती व वर्तमान सरकार में कई राजनेताओं से रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, वीरेंद्र राम के पास से एक डायरी भी मिली है, जिसमें ठेकेदारों से कट मनी लेने और कई राजनेताओं को पैसे पहुंचाने के साक्ष्य हैं। वीरेंद्र राम के करीबी संबंधों के कारण आधा दर्जन से अधिक राजनेता ईडी की रडार पर आ गए हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी बीते कुछ माह से वीरेंद्र राम को अपने सर्विलांस पर रखे हुई थीं। इस दौरान भी कई राजनेताओं तक पैसे पहुंचाने की जानकारी एजेंसी को मिली है।

वीरेंद्र राम के भ्रष्टाचार पर पीएमओ को लिखा था पत्र

सरकारी योजनाओं में कट मनी लेने को लेकर वीरेंद्र राम के खिलाफ आदित्य विक्रम जायसवाल व्हीसिल ब्लोअर की भूमिका में रहे थे। 19 अगस्त 2017 को प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर सिंचाई विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम चांडिल कॉम्प्लेक्स के कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया था और उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी। पीएमओ-ऑनलाइन पंजीकरण संख्या पीएमओपीजी /ई/2017/0456456 को लिखे अपने पत्र में जायसवाल ने कहा था कि कई लोगों की शिकायतें मिली थीं कि कैसे उन्हें आवंटित कार्य के लिए 10 प्रतिशत कमीशन देना पड़ता था। आदित्य विक्रम ने कहा कि ईडी द्वारा उन भ्रष्ट लोगों को पकड़ने की जो कवायद शुरू की है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड सरकार का बोर्ड लगा ठेकेदार के इनोवा में घूमते थे इंजीनियर

ईडी ने जमशेदपुर स्थित आवास में छापेमारी के दौरान ईडी को झारखंड सरकार का बोर्ड लगा एक इनोवा क्रिस्टा मिला। लेकिन सरकारी बोर्ड लगी यह गाड़ी ठेकेदार राजेश कुमार कंस्ट्रक्शन के नाम पर खरीदी गई है। ईडी को जानकारी मिली है कि सरकारी बोर्ड लगा वीरेंद्र राम ठेकेदार की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गढ़वा व घाटशिला में दो निजी विवि की स्थापना को मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने दो निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की मंजूरी प्रदान की है। विधानसभा से बिल पारित होने के बाद इन विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए राज्यपाल की मंजूरी मिल गयी है, जिसके बाद विधि विभाग ने कानून का रूप देते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने दिनेश सिंह विश्वविद्यालय अधिनियम 2022 की स्वीकृति दी है। यह विवि झारखंड के गढ़वा जिले में स्थापित होगा जिसका दायरा पूरे राज्य में होगा। डिप्लोमा-डिग्री पापाठ्यक्रम की पढ़ाई होगी। विवि में कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य शिक्षक व कर्मियों के पद सृजित किए जायेंगे। राज्य सरकार ने इसी तरह सोना देवी विश्वविद्यालय अधिनियम 2022 की स्वीकृति दी है। यह विवि घाटशिला में स्थापित होगा। इसमें भी कुलपति, कुलसचिव सहित सभी पद सृजित किए जायेंगे। विश्वविद्यालयों को शिक्षकों और कर्मियों के कम से कम 50 प्रतिशत राज्य के अधिवासी लोगों के लिए आरक्षित करने की शर्त रखी गयी है। यानि इन सीटों पर राज्य के निवासियों को सीटों के आरक्षण का नियम झारखंड सरकार के नियम और समय-समय पर जारी आदेशों द्वारा तय किया जायेगा। राज्य सरकार या केंद्र सरकार से इन विवि को कोई अनुदान नहीं दिया जायेगा। हालांकि, राज्य सरकार चाहे तो अनुदान किसी अन्य मद से दे सकती है। विवि को डिप्लोमा-डिग्री इत्यादि समय पर देना होगा।

शेखर जमुआर गढ़वा के नये उपायुक्त

रमेश घोलप कार्मिक विभाग में भेजे गये

प्रवीण टोप्पो को पलामू कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार

रांची। राज्य सरकार ने गढ़वा डीसी घोलप रमेश गोरख को हटा दिया है। उन्हें कार्मिक विभाग में योगदान का आदेश दिया गया है। वहीं, खान एवं भूतत्व विभाग के संयुक्त सचिव रहे शेखर जमुआर को गढ़वा का नया डीसी बनाया गया है। रांची के प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो को पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को अपने कार्यों के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य जलछाजन मिशन का कार्य दिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिन्हा को डीडीसी दुमका व मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद दुमका के पद पर पदस्थापित किया है।

मानव और हाथियों के बीच संघर्ष

हाथियों ने इटकी में चार लोगों को कुचलकर मारा, तीन दिन में 10 बने शिकार

हाथी के हमले में एक महिला समेत दो लोग घायल, चल रहा इलाज

हाथी के आक्रामक रुख को देखते हुए इटकी में धारा-144 लागू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य में मानव और हाथियों के बीच संघर्ष चरम पर है। सोमवार को लोहरदगा के भंडरा में चार लोगों की जान लेने के बाद मंगलवार को भी एक हाथी ने इटकी के बोडेया-गढ़गांव में चार लोगों को कुचलकर मार डाला। इस तरह गत तीन दिन में राज्य में दस लोग हाथी के आक्रोश का शिकार हो चुके हैं। इसके पूर्व रविवार को भी हाथियों ने लातेहार, रांची, लोहरदगा और जामताड़ा में उत्पात मचाते हुए दो लोगों की जान ले ली थी। हाथियों के आक्रामक रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। मंगलवार को रांची के इटकी स्थित चचगुरा, मोरो बोड़ेया और गढ़गांव में हाथी ने जिन चार लोगों की जान ली उनकी पहचान सुखवीर किंडो, पुनई उरांव, रदवा देवी और गोयंदा उरांव के रूप में हुई है। वहीं, हाथी के हमले में एक महिला समेत दो लोग घायल भी हो गये हैं। उनका इलाज बेड़ो के अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि गढ़गांव में हाथी ने चचगुरा निवासी गोयंदा उरांव को हाथी ने पैरों से रौंद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। उसे बेड़ो अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार अहले सुबह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भ्रष्टाचार

मुखिया व पंचायत सेवक संयुक्त सचिव के आदेश का नहीं कर रहे अनुपालन

15 वें वित्त की राशि का किया जा रहा बंदरबांट

नवीन मेल संवाददाता मेदिनीनगर। पलामू जिले में गांव की चौमुखी विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा पंचायतों को 15 वें वित्त अनुदान मद की राशि उपलब्ध करायी गयी है। साथ हीं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। लेकिन पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक को पंचायत के विकास से कोई लेना देना नहीं। वहीं लोकोक्ति अपना काम बनता जाए और भाड़ में जाए जनता सिद्ध हो रहा है। पंचायत को प्राप्त वित्त की राशि से सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। जिसपर मोटी राशि मुखिया और पंचायत सेवक को मिल जाती है। बाकी कार्यों में महज 5 प्रतिशत पर हीं इन्हें संतोष करना पड़ेगा। सौर ऊर्जा आधारित जलमीनार के अधिष्ठान पर 24 फरवरी 2021 को हीं तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा रोक लगाया गया है। बावजूद संयुक्त सचिव के निर्देशों का अनुपालन पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

निदेशक सह संयुक्त सचिव के द्वारा क्या दिया गया था निर्देश

24फरवरी 2021 को तत्कालीन निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन के द्वारा जलमीनार अधिष्ठापन पर रोक लगाने को लेकर पत्र निर्गत किया है। साथ हीं पत्र में उल्लेखित है कि विभागीय पत्र संख्या 374 दिनांक 15 फरवरी 2019 द्वारा उपलब्ध कराए गए प्राक्कलन के आधार पर नई सौर उर्जा आधारित जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है। इस क्रम में कई मुखिया संघ व मुखिया के लेटर पेड पर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं कि पूर्व उपलब्ध कराए गए प्राक्कलन (मुख्यतः 3 लाख 84 हजार संबंधी प्राक्कलन) के आधार पर नई योजनाओं के क्रियान्वयन की अनुमति प्रदान की जाए। लेकिन उक्त के संबंध में स्पष्ट करते हुए निदेशक सह संयुक्त सचिव आदित्य रंजन ने प्राक्कलन से 15वें वित्त आयोग मद में उपलब्ध राशि से सौर उर्जा आधारित जलमीनार अधिष्ठापन को अनुमान्य नहीं बताया।

पंचायतों में बेखौफ लगाए जा रहे जलमीनार, दोषी कौन

15 वें वित्त अनुदान मद की राशि से जलमीनार के अधिष्ठान पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है । बावजूद प्रखंड हीं नहीं जिले के सभी पंचायत क्षेत्र में निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए जलमीनार अधिष्ठापन कराया जा रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेवार कौन हैं। विभागीय सचिव के द्वारा पत्र निर्गत कर अनुपालन कराने का निर्देश जिला और प्रखंड को दी जाती है। फिर भी किसी मुखिया पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित मुखिया के द्वारा प्राप्त पैसों से बेखौफ जल मीनार अधिष्ठान कराने जा रहे हैं।

NEWS इन ब्रीफ

राजद का होली मिलन समारोह 6 मार्च को

हरिहरगंज। शहर के मोतीराज महिला कॉलेज के प्रांगण में मंगलवार को राजद प्रखंड इकाई की बैठक प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में आगामी 6 मार्च को स्थानीय राधा कृष्ण मैदान में 11 बजे दिन से शाम 6 बजे तक पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को सफल बनाने पर चर्चा हुयी। होली मिलन समारोह में यूपी के बिरहा सम्राट विजयलाल यादव और रजनीगंधा के बीच रंगारंग होली गायन कार्यक्रम रखा गया है। होली मिलन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि पलामू के पूर्व सांसद घूरन राम, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, अनुसूचित जाति के जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू भुइयां सहित राजद के कई वरीय नेता शामिल होंगे। । मौके पर जिला सचिव राजेंद्र यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल, इंजीनियर संजय यादव, छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार, मीडिया प्रभारी अरुण राम, शंकर यादव, वीरेंद्र यादव, अखिलेश विश्वकर्मा, विजय पासवान, मोहन भुइयां, अवधेश यादव, उमा यादव, शिक्षक सूरज यादव सहित कई लोग शामिल थें।

भाजपा ने बूथ कमिटी बनाने के बाबत बैठक की

नावा बाजार। भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बूथ कमेटी मजबूती को लेकर नावा बाजार प्रखंड के ग्राम पिपरा में की गई। यह कार्यक्रम भाजपा प्रखंड अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रभारी सूरज गुप्ता एवं विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव के नेतृत्व में बूथ कमेटी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें पन्ना प्रमुख बनाने एवं 50 एक के बूथ कमेटी बूथ पर पांच कमल फूल बनाने तथा कमेटी में 33 परसेंट महिलाएं को भी शामिल करने की बात कही गई।

रंगदारी मांगने के आरोपी को जेल

हैदरनगर। पूर्व मध्य रेलवे के मोहम्मदगंज स्टेशन से सटे भीम चूल्हा के समीप बीते 13 फरवरी की रात थर्ड रेल लाइन निर्माण के टनल कार्य में लगी हिमालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर बोलेरो जलाने, फायरिंग व रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का समापन

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल क्षेत्र के चर्चित बराही धाम परिसर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर उतर प्रदेश, बिहार, झारखंड के भोजपुरी लोक गायिका गायक, करिश्मा राठौर, कंचन सिंह, अंकित सिंह, धर्मेन्द्र धाकड़, राजन रसीला व तिरुपति बालाजी के कलाकारों की धूम रही। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में पहुंचकर शिव मंदिर में जलाभिषेक पूजा अर्चना का पूरा तीन दिन हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा, वही जागरण कार्यक्रम

में कलाकारों द्वारा एक से बढ़ कर एक भजनों की अमृत वर्षा से पूरा परिसर में उमड़ी भीड़ झूमते नजर आये। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मप्रेमी व समाजसेवी रंधीर कुमार सिंह, समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, जितेंद्र सिंह ,अयोध्या सिंह टिकैत बिहार उत्तर प्रदेश के चर्चित एंकर रवि कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही रंधीर कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर रंधीर सिंह ने कहा कि बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के रूप में क्षेत्र के लोगों के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। जो आने वाले समय में बराही धाम पलामू के साथ-साथ झारखंड राज्य में एक अलग पहंचान होगी। सोमवार को चौबीस घंटे का अखंड कीर्तन के साथ मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें करीब पांच हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बराही धाम समिति के सभी सदस्य काफी सक्रिय थे।

पुलिस को स्वास्थ्य कर्मियों ने दिये बचाव के टिप्स

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। थाना परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम के द्वारा मंगलवार को पुलिस कर्मियों को आये दिन हो रहे रोड ऐक्सिडेंट के मद्दे नजर त्वरित बचाव के कई उपाय बताए गये। जिसमे घायल व्यक्ति को तुरंत कैसे और क्या उपचार करना है। वही स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व कर रहे डॉ. एमएम प्रसाद ने कहा कि एक्सीडेंट के दौरान घायल व्यक्ति की दो बातो पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। पहला सांस लेने में मरीज को दिक्कत होती है। जिसका भी डेमो टिप्स देकर बताया कि कैसे मरीज का ऑक्सीजन लेवल मेंटन किया जाये। वही दूसरा ओवर ब्लडनिंग का मामला आता है। जिसमें अच्छे से बैंडिंज पट्टी करने का सही तरीका बताया गया। ताकि तुरंत ब्लडिंग को रोका जा सके। मौके पर डॉक्टर एमएम प्रसाद,थाना प्रभारी शशि रंजन, अनंत कुमार सिंह, एएसआई राजकुमार चौधरी, बीरेंद्र तिवारी, अनिल सिंह सहित पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

दोपहिया वाहन का जुर्माना छतरपुर में ही जमा हो : अरविंद

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। नौडिहा बाजार के दो पहिया वाहनों के मालिक इन दिनों डीटीओ ऑफिस में चालान जमा करने के प्रावधान से परेशान हैं। छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई सराहनीय है लोगों को भी अपनी जान की रक्षा के लिए हेलमेट लगाना चाहिए व गाड़ी का कागजात भी दुरुस्त रखना चाहिए। लेकिन चालान कटने के बाद उसके भुगतान की व्यवस्था छतरपुर में ही हो यह प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए। अरविंद ने पलामू डीसी, डीटीओ पलामू और छतरपुर के एसडीओ से इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि छतरपुर का इलाका अत्यंत गरीब इलाका है लोगों को मेदिनीनगर जा कर चालान भरने मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सम्बंध में अरविंद ने बताया कि उन्होंने इस सम्बंध में पलामू के डीटीओ से दूरभाष पर बात किये तो उन्होंने इस विषय पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि वे गम्भीरता से इस पर विचार करते हुए इस दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही अरविंद ने कहा कि छतरपुर पुलिस के जवानों को भी वाहन जांच के दौरान संयम रखना चाहिए ताकि लोगों से टकराव न हो पाए।

झारखंड सरकार के ऊर्जा विभाग का बड़ा कारनामा

निविदा खुलने के पहले ही हो गया 80 प्रतिशत कार्य

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऊर्जा विभाग रांची के कारनामे की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा है कि निविदा निकालने के साथ ही बिना कार्य आवंटन के 80 प्रतिशत कार्य कैसे करा दिया गया। यह मामला बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। जिस तरह हुसैनाबाद के आईटीआई का मामला प्रकाश में आया, जांच में इस तरह के और मामले उजागर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद के आईटीआई भवन में ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार ने आईटीआई के वर्क शॉप भवन में विद्युत अधिष्ठापन एवं परिसर में सुरक्षा लाइट एवं हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापान को

लेकर एनर्जी/ ईडब्लूडी/ रांची/2022-23 दिनांक 30 जनवरी 2023 के द्वारा 65,22,649 रुपए की निविदा निकली गई है। निविदा खुलने की तिथि 15 फरवरी 2023 है। निविदा निकलने के साथ ही आईटीआई हुसैनाबाद में सभी कार्य करा दिया गया है। जो चौंकाने वाली बात है। मतलब निविदा निकाल कर सिर्फ खानापूर्ति की गई। अभियंता पहले से जानते थे की निविदा किसके पक्ष में होगी। यही कारण है कि निविदा निकलने के साथ काम लगा और निविदा के खुलने की तिथि तक 80 प्रतिशत काम पूरा भी हो गया। उन्होंने बताया कि आईटीआई वर्कशॉप में बिजली संबंधित कार्य चलने की जानकारी उन्हे मीडिया के माध्यम से मिली है। काम काफी पहले से लगा है। हाई मास्ट लाइट के अलावा अन्य 80 प्रतिशत काम हो चुका है। स्थल निरीक्षण से स्पष्ट है की निविदा निकलने के साथ ही निविदा में वर्णित कार्य कर दिया गया। यह अभियंता और ठेकेदार की मिली भगत का जीता जागता नमूना है। इसे मार्च लूट भी कहा जा सकता है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मामले की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषी अभियंता और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस मामले की शीघ्र जांच नहीं कराई गई तो वह इसे विधानसभा में उठाएंगे।

71.लाख रुपए की लागत से मैदान का होगा सौंन्दर्यीकरण

अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार कार्य का किया गया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। इसका निर्माण नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा 71 लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद का अनुमंडल मैदान खेल के साथ-साथ विभिन्न आयोजनों के लिए काफी उपयोगी है। इसे बचाना सभी का दायित्व है।उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान के जीर्णोद्धार के साथ साथ विधायक कोटे की राशि से बड़ा स्टेज का निर्माण भी कराया जायेगा। जिससे किसी भी कार्यक्रम को कराने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने संवेदक से बेहतर कार्य करने की हिदायत दी। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य हुसैनाबाद शहर को विकास के मामले में अग्रणी बनाना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन, पप्पू सिंह, रतन लाल, हाजी अब्बास अंसारी, खयालु खान,अभय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अप्पू सिंह, महेंद्र सिंह, इरफान अहमद, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, राजेश, रहमान राइन, जफीरूद्दीन अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

तोलरा श्रीरामनवमी कमिटी का विस्तार

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। सनातन धर्मावलंबियों की सबसे बड़ी पूजा चैत्र रामनवमी को यादगार बनाने के लिए पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में एक बैठक आहूत की गयी। जिसमें 22 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र पर्व को धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों ने अपनी-अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने पूजा को शानदार बनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से रामनिवास तिवारी को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। वहीं बालमुकुंद तिवारी को सचिव, उपेंद्र तिवारी को कोषाध्यक्ष ,अजीत तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष, कमल तिवारी एडवोकेट पंचायत के मुखिया रोहित कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष पंचायत के उप मुखिया कुश तिवारी को महामंत्री युवा चेहरा मुकेश तिवारी को मीडिया प्रभारी अभिषेक दुबे को महासचिव, नीतू तिवारी को प्रधान सचिव, कुश पासवान को कमेटी का अध्यक्ष ,रवि रंजन तिवारी उर्फ हवा को कमेटी सचिव तथा सचिदानंद तिवारी, अनिल तिवारी, ,नूतन देवी, धीरन तिवारी को संरक्षक चुना गया। वही कमेटी में रामानंद तिवारी, अमित तिवारी, रोहित तिवारी, प्रेम शंकर तिवारी, रंधा तिवारी, विकु तिवारी ,मंटू तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों को जगह दिया गया । प्रधान संरक्षक के लिए वीरेंद्र तिवारी उर्फ दादू तिवारी को चुना गया । वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य ओम नारायण तिवारी ,परीक्षित तिवारी ,सिद्धनाथ तिवारी, दिलीप तिवारी डीलर को चुना गया।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(नोटिस)

नाम–1. शराफत अंसारी पिता–जिबराईल अंसारी वार्ड नं0–09 ग्राम–लोवादाग, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप बिशुनपुरा थाना कांड सं0–70/2017, दिनांक–19.12.2017, धारा–394/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अनुमण्डलीय न्यायालय, नगरउंटारी, गढ़वा के द्वारा आपके के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 290843 Police (22-23)_D

कार्यालय :- झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

विकास भवन-बी०, समाहरणालय परिसर, प्रथम तल
Email ID – s.s.a.garhwa@gmail.com
जिला– गढ़वा
विज्ञापन संख्या .....02...../2023

आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु

आवश्यक सूचना

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन दिनांक 10.02.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, का अवधि विस्तार करते हुए दिनांक 28.02.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
जिला चयन समिति, गढ़वा

PR 290840 Human Resource Developement(22-23)D

Office of the Executive Engineer

Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tender are hereby invited under Garhwa District by the Executive Engineer, Building Construction Department B.C.D. Circle No. 02, Ranchi, for the work of Change in Model Anganbadi of Anganbadi Kendra, Khapri Mahua at Khapri Mahua, Bargarh, Change in Model Anganbadi of Anganbadi Kendra, Hesatu at Hesatu, Bargarh and Change in Model Anganbadi Kendra of Anganbadi Kendra, Mahupi at Mahupi, Garhwa. Completion Period of above mentioned work is 1 week. Tender Documents can be purchased from the office of the Executive Engineer, Building Construction Department B.C.D. Circle No. 02, Ranchi on 01.03.2023 upto 03:00 PM and will be opened on 01.03.2023 at 03:30 PM in respective Office By Executive Engineer or his authorized representative. Who so desire may remain present at the time of opening. Details list of work, specification quantity etc. maybe obtained from the aforesaid office in working day on 28.02.2023 from 12:00 AM to 01:00 PM which cost of Bid Rs. 1250.00, 1250.00 and 1250.00 separately for each in shape of Demand Draft (non refundable) on any State Bank payble at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Garhwa.

The Tenderer should be accomplished with the intial security deposit which will be 2% of the tender amount (Refundable) in the shape of Bank Guarantee or 5 years/3 years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the schedule Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Garhwa.

Executive Engineer,
B.C.D.
Building Division, Garhwa

PR 290856 Building(22-23)D

e- Procurement Cell

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI,COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

Notice Inviting Tender
(Very Short Notice)
ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

Tender Reference No.-(11)BCD/CIR-2/RANCHI/LATEHAR,DIV/2022-23 Date:-21-02-2023

	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	CONSTRUCTION OF SHC BUILDING AT MURGIHAT PANCHAYAT - MURGIHAT, BLOCK-MANIKA , DIST- LATEHAR.	रू0 55,25,400.00	06 महीने
1	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	28-02-2023	
2	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	09-03-2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
3	हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय	10-03-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक	
4	निविदा खोलने की तिथि/ समय	10.03.2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
5	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।	
6	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9431024895/8987663716	
7	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651-3512691	

•इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 290848 Building Dept Circle - 2(22-23).D

कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज

Email id:-np.hariharganj@gamil.com
Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department, Nagar Panchayat Hariharganj (Palamu)

E-Procurement (Very Short Notice Inviting Tender)

Reference No- UDD/NPH/PLM/05/2022&2023

1. Detail of Work

Group No.	Name of Work	Estimated Cost (Rs.)	Earnest Money	Cost of BOQ	Completion Period for Construction.
1	Rejuvenation/Renovation of Talab Near Sita High School in Ward No- 05 Under Nagar Panchayat Hariharganj (Palamu)	68,60737.00	140,000.00	10,000.00	04 Month (120 Days)
2	Date of Publication of E-Tender on website	21.02.2023 at 11:00 A.M.			
3	Last Date/Time of Receipt of bids online	02.03.2023 up to 2:00 P.M.			
4	Hardcopy Submission Date/Time	04.03.2023 at 2:00 P.M.			
5	Bid Opening Date/Time	10.03.2023 at 3:00 P.M.			
6	Name and Address of office Inviting E-Tender	Executive Officer, Nagar Panchayat Hariharganj (Palamu)			
7	Contact No. of E-Procurement Officer	7250810541			

NOTE:
- Only E-Tender will be accepted
- No Hardcopy will be accepted after up to 05.03.2023 at 2:00 P.M.
- Further details can be seen on Website - http://jharkhandtenders.gov.in

विश्वासभाजन
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, हरिहरगंज

PR 290820 District (22-23)_D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

विज्ञापन संख्या—01/AIDS — दिनांक 22.02.2023

Vacancy Notice of ART Centre and OST Centre

Name of the position and Number of Posts:

ART Centre Name	Post Code	Name of the Post	Total No. of Post	Consolidated Remuneration Per Month
ART Centre, Sadar Hospital Daltonganj	ART -DLG -01	Medical Officer	1 (UR)	Rs. 70.000/ - Per Month

Walk in Interview
Date of Walk in Interview : 03-03-2023
Venue : CivilSurgeonOfficer,Palamu
Time : 11:00

Terms of Reference of Medical Officer
Qualification : MBBS from Institution recognised by Medical Council of India
Age : Maximum 62 Years
Type of Engagement : Contractual
Honorarium : Rs. 70,000/- Per Month
Gender : Male/Female
Desirable : Experience candidate and people having working experience in HIV related field govt or Pvt. Sector will be given preference.

Genral information & instruction
a.Society reserves the right to cancel any or all position at any stage of recruitment process.
b.At any stage of recruitment if it is found that candidate does not fulfill the eligibility criteria and/or tht he/she has furnished incorrect/ false information/ certificate/documents or has suppressed any material fact(s) his/her candidature will stand cancelled.
c.Candidates are required to bring educational and experience certificate in original and 2 set photo copies of the documents.
d.No TA/DA will be paid to the candidates for appearing in the Interview.
e.Candidates are informed that no claim regarding regularization of the job will be entertained.

ToR (Terms of Reference) and responsibilities can be obtained from JSACS Office. Directorate of Health. 4th Floor, Tata Road, Namkum, Ranchi. During working hours (10:00AM to 05:00PM Mon to Sat.)

Sd/-
Civil Surgeon, Palamu

PR290826 (District)22-23*D

NEWS इन ब्रीफ

एनपीयू ने परीक्षा की तिथि जारी की

मेदिनीनगर। एनपीयू के द्वारा स्नातक के तीनों संस्करण के प्रतिष्ठा व समान विषय के विद्यार्थियों के सेमेस्टर चार जिसका सत्र 2020 -2023 है और बैकलॉग परीक्षा इसका शेड्यूल पूर्व में 16 और 17 फरवरी को निर्धारित किया गया था । अब उसमें बदलाव करते हुए परीक्षा की तिथि को 24 और 25 फरवरी कर दिया गया है। बाकी परीक्षा पूर्व की भांति ही सामान सिटिंग में ली जाएगी। यह जानकारी एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक के द्वारा दी गई। 16 फरवरी की होने वाली परीक्षा 24 तारीख को सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी । वही 17 फरवरी की होने वाली परीक्षा 25 फरवरी को 9:30 बजे से लेकर 12:30 बजे तक आयोजित होगी।

भाईचारा को बढ़ायेगा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम

मेदिनीनगर। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन के द्वारा मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्याम नारायण सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जरुरत है अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत आपसी भाईचारे को बढ़ाने और नफरत को मिटाने के लिए है। केन्द्र की वर्तमान सरकार द्वारा लगातार फैलाए जा रहे, नफरत के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हाथ से हाथ जोड़कर डट कर मुकाबला करने को तैयार है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हुसैनाबाद प्रखंड कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग का नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में अरुण कुमार सिन्हा को जवाबदेही दी गई। मौके पर अवधेश सिंह, अवध बिहारी सिंह, पृथ्वी नाथ पांडे, अर्जुन सिंह, मालती देवी, मीना देवी, अरुण कुमार सिन्हा, रविंद्र चौबे, अंबिका बाबू, अर्जुन चंद्रवंशी, बादशाह शर्मा, डोमन मालाकार, रामाश्रय सिंह, रामप्रवेश सिंह, मोइन अहमद, श्याम लाल यादव उपस्थित थे।

दो पक्षों के मारपीट में तीन घायल, इलाज जारी

विश्रामपुर। नगर परिषद अंतर्गत उससुला में मंगलवार को दो पक्षों के बीच मामूली विवाद पर हुए मारपीट में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका इलाज विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,बच्चों के साथ आपस में खेलने को लेकर मामूली विवाद हो गया। जिसमें बड़े गर्जियां आपस में भीड़ गये। जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। वही घायलों में रेहाना सबनम व नुसरत जहां जबकि दूसरे पक्ष से मैरून बीबी का नाम शामिल है। जिनका सीएचसी विश्रामपुर में इलाज किया जा रहा है।

होली मिलन समारोह को लेकर कमिटी का गठन

हरिहरगंज। नगर पंचायत अंतर्गत मोतीराज महिला कॉलेज समीप राधे कृष्ण मैदान में मंगलवार को आगामी 6 मार्च को राजद द्वारा होली मिलन समारोह को सफल आयोजन को लेकर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से होली मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष अखिलेश विश्वकर्मा, छोटू कुमार यादव, सचिव सूरज यादव, उप सचिव उमा यादव, कार्यकारिणी समिति सदस्य लखन यादव, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, कामेश शर्मा, अशोक यादव, विकास यादव, रमेश यादव ,सत्येंद्र यादव, पिंटू कुमार यादव, सरोज कुमार यादव, सत्येंद्र भुईया, अशोक जायसवाल, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, ओम प्रकाश यादव, इंजीनियर संजय कुमार यादव, दीपक कुमार यादव को बनाया गया।

विधायक ने पथ निर्माण का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विधायक आलोक चौरसिया ने मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत प्रखंड मेदिनीनगर ग्राम चियांकी रजवाड़ीह पीडब्ल्यूडी रोड से मेघा दूध फ्रॉम तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का सहयोग प्यार,आशीर्वाद व दुलार ही मुझे इस कारगर ले आई है कि झारखंड में बीजेपी सरकार नहीं होने के बावजूद अपने क्षेत्र में विकास का कार्य रुकने नहीं दे रहा हूं। साथ ही अपने क्षेत्र में विकास का कार्य रुकने भी नहीं दूंगा। जिस क्षेत्र में सड़क नहीं होती है। वहां विकास का कार्य में अवरोध उत्पन्न हो जाती है। कहा जाता है कि कोई भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक राह की जरूरत है। बिना रास्ता के कुछ भी संभव नहीं होता है। मौके पर जिला परिषद अर्जुन सिंह ,प्रमुख बसंती देवी, पंचायत समिति पिंटू तिवारी ,अजीत मेहता ,जवाहर ,पंचायत समिति, अजीत सिंह भीष्म चौरसिया, आशीष चौरसिया, रामनरेश, युगल किशोर

सिंह ,दिनेश यादव, प्रशांत सिंह, नितिन उरांव अवधेश विश्वकर्मा ,संजय कुमार, मिथिलेश चौरसिया परवेज अख्तर, शंकर उरांव, सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

शहीदों की शहादत का कोई जवाब नहीं : अविनाश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहीदों की धरती पलामू का जांबाज वायु सैनिक मनु अखौरी पंजाब प्रांत में वायु सेना में पायलट के पद पर कार्यरत थे। मिग लड़ाकू विमान में तकनीकी खराबी आने से उसे लैंडिंग करना अनिवार्य हो गया था। जहां विमान अपना संतुलन खोया ठीक उसके नीचे उच्च माध्यमिक विद्यालय के पंद्रह सौ बच्चे पढ़ रहे थे । अगर एक सेकेंड की भी समझदारी में चूक होती तो 15 सौ बच्चों की जान कुर्बान हो जाता। वहीं पायलट मनु अखौरी ने अपनी मन मस्तिष्क का प्रयोग करते हुए अपनी जान देना उचित समझा और विमान को विद्यालय भवन से आगे क्रैश करा दिया । उन्होंने अपनी जान की कुर्बानी देकर पर पन्द्रह सौ स्कूली बच्चों की जान बचा ली। आज उनकी सैंतीसवें जन्मदिन पर दो मिनट का मौन रखकर

उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। अल्प संबोधन में कहा कि पलामू की धरती शहीदों की धरती ,जवानों की धरती और विद्वानों की धरती रही है। जहां नीलाम्बर पीताम्बर ने मातृभूमि के हिफाजत में सर्वोच्च शहादत दिया था। यहां के लोग ऐसे शहीदों का सम्मान करना भलीभांति जानते है। अपनी जान देकर आवाम की जान बचाना ही सर्वोच्च बलिदान है। शहीदों के शहादत का मूल दर्शन भी यही है। मौके पर पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला सहित दर्जनों लोग विनम्र श्रद्धांजति में मौजूद रहें।

एसपी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने टीओपी 2 थाना चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और सीटबेल्ट पहनकर वाहन चलाने की सलाह दी। मौके पर उपस्थित डीटीओ अनवर हुसैन के द्वारा जो बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने थे। या कार चालक सीट बेल्ट नहीं लगाये थे, उनका मौके पर ही ऑनलाइन चलान काटा गया। इसके बाद शहर थाना के समीप एसपी चंदन सिन्हा के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया। मौके पर उपस्थित एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि लाख प्रयास करने के बावजूद लोग हेलमेट पहनकर बाइक नहीं चला रहे हैं। जिसके वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी व्यक्ति हेलमेट पहनकर बाइक चलाएं और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। यदि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग नहीं करते हैं या फिर कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करते हैं तो उनका वाहन का चालान किया जायेगा। इसमें किसी की भी पैरवी नहीं चलेगी। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे बस को रुकवा कर बस के ड्राइवर का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब की जांच की गई।

लाभुक पति-पत्नी के खाते में डालनी है राशि

पलामू में पीएम आवास योजना में करोड़ों की राशि का घोटाला

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरी की करोड़ो रुपये की राशि का घोटाला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीएम आवास योजना में मजदूरी की राशि मरनेगा से लाभुक अभिकर्ता (पति-पत्नी)

■ बिचौलिया की मिली भगत से राशि का हो रहा उलट फेर

के खाते में डालने का सरकार का आदेश है। किन्तु उक्त मजदूरी की राशि रोजगार सेवक, स्वयं सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया और बिचौलिया की मिली भगत से दूसरे मजदूर की खाते में डालकर निकाल ली जा रही है। और पीएम आवास योजना के लाभुक पंचायत और प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटते फिर रहे हैं। विभागीय सूत्रों

के अनुसार वितीय वर्ष 2016-2022 तक पलामू में एक लाख उंसठ हजार आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें मजदूरों की मजदूरी की राशि 21 हजार रुपये मनरेगा की राशि से मजदूरों के खाते में डाली जानी है। किन्तु रोजगार सेवक मनरेगा की उक्त राशि आवास के लाभुक अभिकर्ता के खाते न डाल कर दूसरे मजदूर के खाते में डाल दे रहे हैं और उक्त राशि बिचौलियों की मिली भगत से निकसी करा कर बंदरबांट कर ले रहे हैं। जिले में अभी तक एक लाख पैंतिस हजार पीएम आवास पूर्ण हो चुका है। जिसकी मजदूरों की मजदूरी की राशि 95 प्रतिशत लाभुकों के खाते में नहीं डाली गयी है। जो अपने आप में जांच का विषय है। सरकार ने स्पष्ट आदेश दिया है कि पीएम आवास की लाभुकों का 95 मानव दिवस मनरेगा के राशि मजदूरों के पति-पत्नी के खाते में डाला जाये। इस मामले में लाभुक अभिकर्ता संबंधित प्रखंडों में बीडीओ से शिकायत करते हैं। किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की जाती न ही उनके खाते में मजदूर की राशि डाली जाती है। ऐसा ही मामला नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत के पीएम आवास के लाभुक मानकी राम और विश्रामपुर प्रखंड के भंडार पंचायत के पीएम आवास के लाभुक अकलु भुईंयां के साथ घटी है। दोनो आवास के लाभुक संबंधित प्रखंडों के बीडीओ सं मिलकर मजदूरी भुगतान की। गुहार लगाते रहे किन्तु अभी तक इनकी मजदूरी की राशि नहीं मिली। जिले में पीएम आवास योजना की 22 हजार इकाई लम्बीत बतायी जा रही है।

लड़की के पिता ने दामाद पर किया अपहरण का केस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की अपहरण करने की शिकायत रविवार को दर्ज करवाई थी कि उसकी बेटी छठ पूजा के समय से ही गायब है। उसने अपने दामाद और ससुराल वालों पर अपहरण का आरोप लगाया और कहा कि दामाद दूसरी शादी करना चाहता है। इस कारण उसका अपहरण किया है। मामले में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने अनुसंधान शुरू किया तो कई जानकारी मिली। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पांकी तेतराई के इलाके से लड़की को बरामद किया है। दरअसल, लड़की अपने प्रेमी राजकुमार

भुइयां के घर पर रह रही थी। छापेमारी के दौरान प्रेमी मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस लड़की को बरामद कर थाना लायी है। जानकारी के अनुसार लड़की की शादी एक वर्ष पहले पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले श्यामसुंदर के साथ हुई थी। शादी के पहले लड़की का संबंध प्रेमी राजकुमार के साथ था और वह अपने प्रेमी के साथ रहना चाहती थी। जिस कारण वह अपने प्रेमी के साथ भाग गई थी। उसका प्रेमी राजकुमार घर पर ही छोटा-मोटा काम करता है। पढ़ाई के दौरान ही लड़की और राजकुमार के बीच नजदीकी बढ़ी थी। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लड़की के पिता ने अपहरण का एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूछने पर परिजनों ने पुलिस को गोलमोल जवाब दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पति-पत्नी के बीच पहले सामाजिक पंचायत भी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले में आगे की अनुसंधान और कार्रवाई कर रही है।

पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को मिला अतिरिक्त समय

मेदिनीनगर। पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के जिला विकल्प के रूप के आयोग ने अतिरिक्त समय दिया है। पहले अभ्यर्थियों को 20 फरवरी तक ही समय दिया गया था । लेकिन अब आयोग के द्वारा 25 फरवरी तक समय बढ़ा दिया गया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को आयोग की ओर से जिला विकल्प का लिंक दिया गया था। लेकिन पलामू में 15 फरवरी से इंटरनेट सेवा बाधित हो गई थी । जिसके कारण पलामू के अनेकों अभ्यर्थियों ने अपना जिला विकल्प का फॉर्म नही भर सके थे। पलामू में कई अभ्यर्थियों का चयन पंचायत सचिव और लिपिक वर्ग में हुआ है।

पौधों की संख्या बढ़ने से ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ेगी: पूनम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। यूपी सोनभद्र जिले के एक विवाह समारोह में शामिल होकर मटकोडवा स्थल पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा लगाया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। वहीं उन्होंने वर- बधू को आम व कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि यदि घर में सदस्यों की संख्या बढ़े तो उन्हें स्वस्थ रहने के लिए व प्रकृति के संरक्षण और सम्वर्द्धन के लिए वृक्षों की संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि पेड़ पौधा को हमारे भारतीय संस्कृति में भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। वहीं पौधों की संख्या बढ़ने से आये दिन लोगों को ऑक्सीजन की सिलेंडर लेकर चलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर विजय गुप्ता, अनुज गुप्ता, रेखा देवी, अनिल गुप्ता, रामभरो प्रसाद, रीता देवी अनुराधा देवी, शानू देवी, रितिका रावर्टसगंज भाजपा विधायक भूपेश चौबे, धीरज पांडेय, जवाहर पासवान, नंद गोपाल, वर्षा रानी, अंजनी देवी, डॉ, पदमा जायसवाल, डॉ,अभिषेक , सुभाष प्रसाद, नन्हक चंद्र, नंदकिशोर, पलामू सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, सहित कई लोग शामिल थे ।

हमें राज्य नहीं, वैधानिक अधिकार चाहिए: जगदीश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय कचहरी परिसर में मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय के सामने प्रगतिशील मगही समाज की ओर से मगध जो प्राचीन काल से गौरवशाली एवं समृद्धशाली जनगोष्ठी रहा है। इसे स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक दर्जा देने की मांग को लेकर धरना दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री भारत सरकार एवं मुख्य मंत्री, झारखंड सरकार को मांग पत्र भी भेजा गया। धरना को संबोधित करते हुए समाज के सचिव जगदीश सिंह ने कहा कि मगध अपने आप में पूर्ण आत्मनिर्भर सामाजिक आर्थिक इकाई (जन गोष्ठी) है। जिसकी अपनी भाषा, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास, नक्श, भौगोलिक स्थिति, और भावनात्मक विरामत है। जिसे आज तीन राज्य बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य का बलरामपुर जिला में विभक्त कर दिया गया है। यह कृत्य पूर्ण रूप से प्रकृति विरोधी है। क्योंकि जन गोष्ठी पूरी तरह से प्राकृतिक व्यवस्था और प्राकृतिक संरचना होता है। प्रकृति ने मगध को पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए अपार संसाधन उपलब्ध किया गया है। अगर मगध के पूरे भू भाग को एकीकृत कर इसे स्वतंत्र सामाजिक आर्थिक इकाई का वैधानिक अधिकार मिल जाय तो यहां शत प्रतिशत स्थानीय रोजगार सृजन होगा। पूंजीवादी व्यवस्था के शोषण जाल से मुक्ति मिल जाएगी। इसकी अपनी मातृभाषा और संस्कृति प्रस्फुटित हो उठेगा, जिससे सामाजिक सौहार्द बढ़ेगा, और अपराध, भ्रष्टाचार, अपसंस्कृति पर विराम लगेगा। समाज के संरक्षक विश्वनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लोग अब अपने- अपने जन गोष्ठी में जन गोष्ठी आधारित व्यवस्था के लिए जागुरूक होने लगे हैं। यही कारण है कि आज के दिन सिर्फ मगध में ही नहीं बल्कि भारत के सभी प्रमुख चौवालिस जनगोष्ठियों में प्राउटिष्ट सर्व समाज के अगुआई में उक्त मुद्दा पर धरना के माध्यम से सरकार को मांग पत्र भेजा जा रहा है।

बजरंग दल की बैठक में नगर समिति विस्तार पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक मंगलवार को पलामू जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ और संचालन जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने किया। 12 फरवरी से प्रारंभ,धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की गति पलामू में अभी धीमी है। आज की इस बैठक में प्रखंड पालकों को अपने-अपने प्रखंड में अभियान की गति तेज करने के लिए निर्देश दिया गया। ताकि,निर्धारित तिथि,26 फरवरी 2023 तक यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न की जा सके। बैठक में बजरंग दल के मेदिनीनगर नगर समिति का विस्तार भी किया गया। संदीप कुमार गुप्ता को बजरंग दल का नगर संयोजक, अमलेश पासवान, दिलीप गिरी, और संजीव कुमार बंटी को नगर सह संयोजक,संजीव कुमार को नगर गौरक्षा प्रमुख तथा अमन राज को नगर विद्यार्थी प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। विकास कुमार दुबे, अविनाश कुमार, शक्ति चंद्रवंशी और प्रकाश कुमार को बजरंग दल नगर समिति के कार्यसमिति सदस्य के रूप में नामित किया गया। जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र ने बताया कि कल प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर पांकी आ रहे हैं। प्रांत संयोजक प्रभावित लोगों से मिलकर स्थिति का जायजा लेंगे। जिला विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल की एक छोटी टीम भी कल पांकी जायेगी। उन्होंने प्रशासन के द्वारा लागू किए गए सभी प्रकार के निषेधाज्ञा और प्रतिबंधों का अनुपालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से इस दौरे को संपन्न किया जाएगा। मौके पर विहिप के पलामू उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ,अजीत पाठक,जिला मंत्री सूबेदार दामोदर मिश्र,जिला सह मंत्री अमित तिवारी,नगर बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, बालोपासना सह प्रमुख विकास कुमार कश्यप,सुरक्षा प्रमुख नवेंदु त्रिपाठी, सुरक्षा सह प्रमुख कमल जीत पाण्डेय,परावर्तन प्रमुख सावन हिंदू,नगर बजरंग दल सह संयोजक अमलेश पासवान, दिलीप गिरी,संजीव कुमार बंटी,नगर गौरक्षा प्रमुख संजीव कुमार साव,नगर विद्यार्थी प्रमुख अमन राज, नगर बजरंग दल कार्य समिति सदस्य विकास कुमार दुबे, अविनाश कुमार, शक्ति चंद्रवंशी और प्रकाश कुमार विश्वकर्मा,नवनीत कुमार, राहुल कुमार, रौशन कुमार इत्यादि की सहभागिता रही।

चुनाव

जिला योजना समिति के लिए 13 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

सदस्यों को पीठासीन अधिकारी ने दिया प्रमाण पत्र

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू ग्रामीण क्षेत्र से जिला योजना समिति-2023 के सदस्यों का निवार्चन प्रक्रिया आज पलामू समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में संपन्न हुआ। जिला योजना समिति (ग्रामीण) के लिए कुल 13 सदस्यों के निवार्चन हेतु 13 अभ्यर्थियों ने अपना नाम निर्दिष्ट किया। इसके उपरांत सभी 13 अभ्यर्थियों को पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह द्वारा निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गयी। साथ ही निर्वाचित सभी योजना समिति सदस्यों को

प्रमाण पत्र दिया गया। सभी निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में खुशबू कुमारी, सुदामा प्रसाद, रिंकी कुमारी, विजय कुमार, अरविंद सिंह, जय शंकर कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अमित कुमार जायसवाल, संजू देवी, फजायल अहमद, आलोक कुमार सिंह, रामलव प्रसाद एवं माया कुमारी शामिल हैं। निर्वाचन के मौके पर पीठासीन अधिकारी-सह-जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह सहित जिप अध्यक्ष निवार्चन प्रक्रिया में अजय पांडेय, विनोद कुमार गुप्ता, रामलखन राम, संजय प्रसाद, राजन बाख्ला आदि ने सहयोग किया।

दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। सामाज कल्याण विभाग पलामू के द्वारा पाटन प्रखंड कार्यालय में दिव्यांगों के बीच ट्राईसाईकिल व व्हील चेयर वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी व बीस सूत्री अध्यक्ष रामानन्द पाण्डेय उपस्थित रहे। इस संबंध में पाटन बालविकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी ने बताया कि सरकार के गाइडलाईन के तहत दिव्यांगों का चयनित कर उनके बीच एक व्हील चेयर और तीन ट्राईसाईकल का

वितरण किया गया। सीडीपीओ ने बताया कि अभी और विकलांग लोगो का चयन कर उन्हें ट्राईसाईकल और व्हील चेयर देना है। मौके पर सीडीपीओ अनिता कुमारी,पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पाण्डेय, बीस सूत्री सदस्य इस्तेखार अंसारी, प्रवेक्षिका संगीता कुमारी, समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता,व अन्य लोग मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

साइकिल से गिरकर युवक घायल

गढ़वा। सोनभद्र के घोरावल थाना क्षेत्र के मुरवल गांव निवासी कोदीराम 45 वर्ष साइकिल से गिरकर घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मेराल में रहकर कुछ काम करता है। मंगलवार की सुबह वह अपने साइकिल से काम करने जा रहा था। उसी बीच मेराल से कुछ ही दूरी पर उसकी साइकिल अनियंत्रित हो गए गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोग सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मनाया गया परिवार कल्याण दिवस

भवनाथपुर। परिवार कल्याण दिवस का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में योग्य दंपति को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई एवं सरकार के द्वारा चलाए गए विभिन्न परिवार नियोजन नीति को अपनाने के लिए योग्य दंपत्ति को इसकी जानकारी दी गई मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, बीडीएम अनूप कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, पिंटू गुप्ता अरुण लकड़ा, धर्मजीत राम इत्यादि उपस्थित थे।

दुर्गा मदिर का 17 वां स्थापना दिवस मनाया

रमना। निचे बाजार स्थित दुर्गा मन्दिर का 17 वां स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को वैदिक नियमानुसार एवं धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मन्दिर को आकर्षक रूप से सजाया गया और कलश यात्रा निकाली गयीं जो सुखड़ा नदी से जल भरने के बाद मंदिर में कलश स्थापित किया गया। ततपश्चात मंदीर के पुजारी पंडित रामचंद्र मिश्र के नेतृत्व में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। वैदिक मंत्रोउच्चारण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। हवन एवं कन्यापूजन के बाद शाम को श्रद्धालुओ के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने में मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता,उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सचिव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, मिट्ठू एवं पप्पू प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बोलेरो ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, सवार घायल

गढ़वा। गढ़वा बेलचांपा मझियाव सड़क में खोरीडीह के समीप बोलेरो मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल डंडा थाना क्षेत्र के भीखही गांव निवासी उमेश चौधरी बताया जा रहा है।

पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा अवधि समाप्त

न एक भी राशन कार्ड सरेंडर हुआ और न ही कार्ड से मृत व्यक्तियों का नाम हटा

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई
पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का समय बीते सप्ताह दिन से भी अधिक दिनों का समय बीत गया लेकिन अभी तक किसी लाभुक के द्वारा न तो अपने नाम से बने राशन कार्ड को सरेंडर किया गया और ना ही मृत व्यक्ति का नाम ही राशन कार्ड से हटवाया गया है। जबकि प्रखंड क्षेत्रों में बने लगभग 15000 कार्डों में 9000 कार्ड के लाभुक बिल्कुल रूप से संपन्न और धनी किश्म के बताए जाते हैं। इसी तरह उक्त संख्याओं में 1000 से 2000 मृत लाभुकों का भी नाम शामिल है। वे सभी भी प्रत्येक माह पीडीएस दुकान से अपने अपने हक के राशन का उठाव कर रहे हैं। सभी लाभुकों को मृत हुए किसी को 5 वर्ष तो किसी को 3 वर्ष हो गया फिर भी उनके नाम पर खाद्यान्न का उठाव होते रह रहा है।

मामले में हम विल्कुल रूप से कह सकते हैं कि मुर्दे भी राशन का उठाव कर रहे हैं। मालूम हो कि जिले के उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर 1 से 14 फरवरी तक पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। पखवाड़ा अवधि के बीच ही लाभुकों को कार्ड सरेंडर करने, कार्ड से मृत ब्यक्तियों का नाम हटाने सहित अन्य कार्यों को पूर्ण करने की चेतावनी दी गई थी। सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने बताया की अभी तक कोई लाभुक न तो मृत व्यक्ति का नाम हटाने के लिए आवेदन दिया है और ना ही अपने कार्ड सरेंडर करने के लिए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी उससे संबंधित कार्डधारी पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक का नहीं हैं कोई जमीन

अफवाह फैला रहे हैं झामुमो के लोग : मीडिया प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
अचला-नावाडीह कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी का कोई जमीन नहीं हैं। झामुमो के लोग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाकामी को छिपाने के लिए इस तरह का भ्रम फैला रहे हैं कि वहां पूर्व विधायक का जमीन हैं, उसे बचाने के लिए कब्रिस्तान के रास्ते बाइपास सड़क बनेगा। उक्त बातें भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर कब्रिस्तान के पास पूर्व विधायक का जमीन हैं, तो झामुमो के लोग साबित करें। वहां पर पूर्व विधायक का जमीन साबित हो जाने के बाद उसी जमीन पर होते हुए बाइपास सड़क का निर्माण कराया जाए। ताकि कब्रिस्तान को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग मंत्री और संवेदक में हुए साठगांठ को छिपाने के लिए इस तरह की अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री को अगर कब्रिस्तान बचाने की इतना ही चिंता हैं और राज्य सरकार के पास फंड की कमी हैं, तो मंत्री अपना निजी कोष से कब्रिस्तान के पास क्यों नहीं फ्लाईओवर का निर्माण करा दे रहे हैं। इस मामले में मंत्री और झामुमो कार्यकताओं की पूरी तरह पोल खुल चुकी हैं। अब गांव-गांव में आम चर्चा शुरू हो चुका हैं कि बाइपास निर्माण कार्य के संवेदक और मंत्री में साठगांठ हो चुका हैं। इसी कारण से वहां पर पहले का डिजाईन को हटाकर कब्रिस्तान होते हुए सड़क बनाने का प्लानिंग किया गया हैं ताकि ठेकेदार को कम लागत में ही सड़क निर्माण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि मंत्री कई अवसरों पर अपने निजी फंड का हवाला देकर विकास का ढिंढोरा पीटते हैं। इस कब्रिस्तान को बचाने के लिए आखिर मंत्री अपना निजी फंड का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अपना निजी फंड से फ्लाई ओवर बनाने का शुरूआत कराएं। उस कार्य में पूर्व विधायक भी अपनी ओर से आर्थिक सहयोग करेंगे ताकि कब्रिस्तान को बचाया जा सके।

अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकथाम कर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई तेज

एसडीओ ने थाना प्रभारियों और सीओ को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
अनुमंडल क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई करने को लेकर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचलाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाने के थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसडीओ आलोक कुमार ने सभी अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकथाम कर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई तेज करते हुए अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ

कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि छापेमारी के तहत जो भी वाहन अथवा अवैध खनन भंडारण या परिवहन में संलिप्त व्यक्ति पकड़े जाते हैं उन लोगों पर निदेर्शों का कड़ाई से पालन करते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया करें एवं कृत कार्रवाई के प्रतिवेदन उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने कहा कि विगत जनवरी माह 2023 में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले 18 वाहनों को जप्त किया गया है वही विभिन्न थानों में कुल 10 प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसडीओ आलोक कुमार एवं एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर अबतक की गई कार्रवाई की गहन समीक्षा की। एसडीओ ने कहा कि धुरकी क्षेत्र के ग्राम अंबाखोरेया में राजकुमार विश्वकर्मा के द्वारा सरकारी एवं वन विभाग की भूमि अवैध उत्खनन का सूचना प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस मामले में संबंधित अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को राजस्व कर्मचारी के साथ स्थल जांच कर अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध 24 घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने खरौंधी, केतार, बिशनपुरा एवं धुरकी के अंचलाधिकारीयों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष रूप से निगरानी रखने एवं रात्रि में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध बालू परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में श्री बंशीधर नगर अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, केतार सीओ मुकेश मछुआ, रमना सीओ सतीश कुमार,धुरकी सीओ अरुण कुमार,सगमा सीओ सत्यम कुमार, खरौंधी सीओ गणेश कुमार महतो, भवनाथपुर सीओ रमाशंकर श्रीवास्तव, श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, भवनाथपुर के सतीश कुमार, धुरकी के सदानंद कुमार आदि उपस्थित थे।

वित्तरहित शिक्षा संघर्ष मोर्चा ने डीसी को मांग पत्र सौंपा

विशुनपुरा। वित रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर जिले के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारीयों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। इसके बाद समाहरणालय गढ़वा में पहुंच कर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के नाम उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौपा। उपायुक्त को दिए आवेदन में संघ के मुख्य मांग में जैक नियमावली के तहत वित्तरहित संस्थानों की जांच कराने, स्कुलो का अधिग्रहण सहित अन्य मांग शामिल हैं। मालूम हो कि वित्तरहित संघर्ष मोर्चा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। जिसमे 14 फरवरी को राजभवन का घेराव, 17 फरवरी को शैक्षनिक संस्थानों में एक दिवसीय हड़ताल किया गया था। उसी कार्यक्रम के अनुसार आज काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। मोर्चा के मुख्य मांगों में प्रस्वीकृति एवं राज्य सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, इंटर कॉलेज, संस्कृत विद्यालय, तथा मदरसा का अधिग्रहण जल्द करने, साथ ही स्कूल कॉलेज की जांच प्रावधान के अनुरूप करने, जैक बोर्ड का गठन करने व होली से पूर्व अनुदान देना सहित कई मांग सामिल है।मौके पर मुख्य अतिथि मोर्चा के राज्य महासचिव अरविंद सिंह, अनिल कुमार तिवारी, नागेंद पांडेय,नंदकिशोर पांडेय,दिनेश सिंह, उषा देवी, वीरेंद्र तिवारी, सिधेश्वर सिंह, हेमन्त कुमार, मुखलाल चौधरी सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

उप शिक्षा सचिव ने भवनाथपुर प्लस टू विद्यालय के साथ तीन विद्यालयों का किया निरीक्षण

भवनाथपुर। भवनाथपुर उप शिक्षा सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को भवनाथपुर प्लस टू विद्यालय के साथ तीन विद्यालयों को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दरम्यान प्लस टू विद्यालय में बीते छह माह से चले आ रहे शिक्षकों के बीच विवाद को पटापेक्ष करते हुए 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए तीन शिक्षकों से अस्प्स्टिकर्ण पूछा है। इस दरम्यान तिवारी ने सभी शिक्षकों से हांथ जोड़ते हुए विद्यालय का शिक्षा वेवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि आप एक समानित पद पर सुशोभित है आपकी पूर्ण जिमेवारी है कि छात्रों के बीच शिक्षा का माहौल बनाये न की अखाड़ा। उपसचीव ने शिक्षकों के चार दिवसीय ट्रेनिग सेंटर का भी जांच किया जहां सभी उपस्थित शिक्षकों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के साथ साथ नए स्वरूप में बन्चो को संस्कार देने की सलाह दिया ।राजकीय बुनियादी विद्यालय में शिक्षकों की कमी व लापरवाही को देखते हुए तीनो शिक्षकों को अन्यत्र विदयालय में ट्रांसफर करते हुए बेहतर शिक्षक को बहाल करने का बीईओ विजय पांडे को निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में उप सचिव को छात्रों के द्वारा विधिवत बुके व परेड के साथ स्वागत किया गया।

एनएचएम अनुबंधकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड राज्य अनुबंधित पारा चिकित्साकर्मी संघ के संयुक्त तत्वावधान के अनुबंध पर कार्यरत एनआरएचएम के एएनएम, जीएनएम, फर्मासिस्ट, एक्सरे टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन आदि का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। मंगलवार को झारखंड राज्य एनआरएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष संगीता कुमारी के नेतृत्व में कर्मियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना दिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अपनी सेवा को नियमित करने की

मांग को लेकर 16 जनवरी 2023 से ही धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे राज्य में चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। फिर भी राज्य सरकार को इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि एनआरएचएम के अनुबंध पर कार्यरत कर्मी 16-17 वर्षों से अल्प मानदेय में कार्य कर रहे हैं। लेकिन सरकार इसकी अनदेखी कर रही है। मौके पर शोभा कुमारी, सोसन सोरेन, आयरिश कुमारी, कंचन कुमारी, शमा बानो, मोनिका टोप्पो, संजू कुमारी, सरिता केरकेट्टा, रेखा कुमारी, चिंता कुमारी, बरखा कुमारी, कांति तिर्की, संगीता कुजूर, रंभा कुमारी, ज्योति कुमारी, मनिला कुमारी, मीना कुमारी, सोनम भारती समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

केतार में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। केतार
झामुमो पार्टी की ओर से सरयू दास रामलीला मैदान केतार में कार्यकार्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने वर्तमान विधायक भानु पर क्षेत्रवाद की राजनितिक करने का आरोप लगाते हुए कहा की वो नवजवानों को ठगने का काम किय हैं। वह तीन बार से विधायक हैं लेकिन केतार के अस्पताल में एक एमबीबीएस डॉक्टर तक नहीं बैठा पाये है, प्रखंड में एक भी अस्पताल नहीं है। उन्होंने कहा की यहां के नवजवान रोजगार की तलाश में गुजरात और महाराष्ट्र पलायन कर रहे हैं और वहां से उनका शव घर आ रहा है लेकिन इन्होंने रोजगार के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। सिर्फ अपने आप को क्षेत्र का बेटा बताकर क्षेत्रवाद की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा की केतार प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है लाभुकों से मनरेगा कर्मी योजनाओं में आधा हिस्सा मांगते हैं। उन्होंने यह भी कहा की पुर्व में नक्सलियों की एक चिट्ठी से केतार बाजार की दुकानें बंद हो जाता था। अपने विधायकी में मैंने पाचाडुमर में थाना कि स्थापना कराकर क्षेत्र में अमन चैन और शांति दिलायी। उन्होंने विधायक पर उग्रवाद और भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, ताहिर अंसारी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

20 सूत्री अध्यक्ष पर पैसा उगाही करने का लगा आरोप

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
बीससूत्री अध्यक्ष इन्द्रदेव बैठा का नही रुक रहा है पैसे उगाही का धंधा, पहले प्रखंड कर्मियों से तो अब ग्रामीणों से कर रहे हैं पैसे की उगाही। ताजा मामला थाना क्षेत्र के बुका गांव के पनियाही टोला का है बुका गांव के पनियाही टोला निवासी महेश भुइयां ने बीडीओ जयपाल महतो को मंगलवार आवेदन दे कर बीससूत्री द्वारा कूप एवं पशु शेड दिलाने के नाम पर 34500 रुपये लेने की बात कही है। महेश भुइयां ने बताया कि एक साल पूर्व मेरे से विससूत्री ने कूप एवं पशु शेड दिलाने के नाम पर 34500 रुपए लिया था और अभी तक कूप नही दिलाया। जब पूछते है तो आज-कल कर रहा है। वही भवनाथपुर पंचायत निवासी दिनेश पासवान ने बीडीओ से कहा कि मेरे सामने महेश भूइयां ने विस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा को 34 हजार 500 सौ रुपया कूप एवं शेड दिलवाने के नाम पर दिया था। विस सूत्री सदस्य शशि दुबे ने बीडीओ से जांच कर जो भी दोषी है उनपर कार्रवाई कि मांग किया है, कहा कि गरीबों से पैसा लेकर योजना दिलवाने कि बात कही जा रहीं है जिसे सरकार कि छवि खराब हो रहीं है। आपको बता दे कि पूर्व में भी एक जेई से पार्टी के कार्यक्रम कराने के नाम पर पैसे मांग करने की ऑडियो वाइरल हुई थी। इस मामले को लेकर जेई द्वारा बीससूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

क्या कहते हैं बीससूत्री सूत्री अध्यक्ष

इस सम्बंध में पूछे जाने पर बीससूत्री अध्यक्ष इन्द्रदेव बैठा ने कहा कि मैं किसी भी तरह का कोई पैसा नही किया हूँ आरोप झूठा है।

क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी

बीडीओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर कहा कि महेश भूइया द्वारा आवेदन दिया गया है, जांच के बाद ही कुछ कह सकते है।

लापरवाही नव प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का भविष्य हो रहा बर्बाद

समय पर नहीं पहुंच रहे शिक्षक

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खूरी के फूल्हारा गांव में स्थित नव प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव की लापरवाही से विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 65 बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। जबकि विद्यालय में अन्य एक सहायक शिक्षक कुनपत सिंह भी कार्यरत है जो पिछले एक सप्ताह से विद्यालय से गायब है। बताते चलें कि यह विद्यालय में कभी भी समय से नहीं खुलता है यहां 12:00 बजे तक ना तो प्रभारी प्रधानाध्यापक पहुंचते हैं और ना ही सहायक शिक्षक जिसके कारण बच्चे का भविष्य अधर में लटका हुआ है । इसका खुलासा तब हुआ जब गुरुवार व शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण करने पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय भूइयां फुलहारा गांव के विद्यालय में पहुंचे । तो गुरुवार को 11:30 बजे तक कोई भी शिक्षक विद्यालय नहीं पहुंचे जबकि शुक्रवार को 12:30 बजे तक भी किसी भी शिक्षक ने विद्यालय में कदम तक नहीं रखा जहां उक्त विद्यालय में बच्चे खेलते कुदत्ते नजर आए । जिसे देख मुखिया प्रतिनिधि आग बबूला हो गए मुखिया

प्रतिनिधि को विद्यालय में आए देख काफी संख्या में ग्रामीण भी परिसर में जमा हो गए ग्रामीणों ने मुखिया से शिकायत किए कि यह विद्यालय महीने में 2 या 4 दिन ही खुलता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव तथा सहायक शिक्षक कुनपत सिंह की मनमानी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। दोनों में से कोई भी शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते हैं कभी विद्यालय खुलता भी है तो किसी दिन 12:00 तो किसी दिन 1:00 ही विद्यालय में शिक्षक पहुंचते हैं। जिसके कारण विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 65 बच्चों का भविष्य खतरे में है । पूछे जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव ने बताया कि मैं प्रत्येक दिन स्कूल पहुंचता हूं सहायक शिक्षक पिछले 1 सप्ताह से विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं जिसका मैंने लिखित आवेदन भी चिनीया बीआरसी मैं जमा किया हूं जबकि शुक्रवार को हम विद्यालय 1:00 बजे बंद कर चिनिया विद्यालय के काम से गए हुए थे। वह गुरुवार को भी विद्यालय के कार्य से मैं चिनिया बैंक में गया हुआ था। वहीं मुखिया प्रतिनिधि उदय भूइया ने ऐसे शिक्षकों पर जांच कर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए वरीय पदाधिकारी से अपील किया है कि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे के भविष्य को देखते हुए विद्यालय को सुचारू रूप से चलाया जाए। साथ ही कहा कि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो इसके लिए सरकार हर तरह की सुविधा जैसे निशुल्क कॉपी किताब पेन वस्त्र साइकल जैसी अनेक सुविधा विद्यालय में बच्चों को दे रही है लेकिन कुछ शिक्षक अपनी लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं, और बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, जो यह बहुत बड़ी लापरवाही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि उदय भूइयां, कृष्ण प्रसाद, संजय यादव, राजीव कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।
पत्रांक...../ हुसैनाबाद, दिनांक ...../
शुद्धि–पत्र
इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/HUSSAINABAD/ F2-34/2022-23** जिसका **PR No.-290388 Minor Irrigation (22-23)#D** है, के **NIT** के प्रकाशन की तिथि जो कि 22.10.2022 था, उसे 15.02.2023 समझा जाए।
निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।
सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
PR 290781 Minor Irrigation (22-23)D
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन०आर०ई०पी०), चतरा
Email Add: nrepchatra@gmail.com
रद्द संबंधित सूचना
इस कार्यालय का पत्रांक – 139/NREP चतरा दिनांक– 10.02.2023 द्वारा पर्यटन, कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य योजना अन्तर्गत Development of Basic fasilities in balbal garamkund कार्य हेतु प्रकाशित ई–अति अल्पकालीन् निविदा सूचना संख्या EE/NREP /CHATRA/08/2022-23 दिनांक 11.02.2023 (PR No.-290029NREP(22-23)#D) को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।
कार्यापालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, चतरा
PR290813 (NREP)22-23*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद
पत्रांक...../ हुसैनाबाद, दिनांक ...../
शुद्धि–पत्र
इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-31/2022-23 जिसका PR No.-290379 (Minor Irrigation) 22-23 (D) है, के NIT के प्रकाशन की तिथि जो कि 22.10.2022 था, उसे 15.02.2023 समझा जाए।
निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।
सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
PR 290779 Minor Irrigation(22-23).D
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

कार्यालय,
सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गढ़वा
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण
सूचना :– 01/2022–23
सदर अस्तपाल, गढ़वा के लिए फर्णीचर आदि सामग्रियों का क्रय हेतु मूल्य निर्धारण के लिए मुहरबंद निविदा, निर्माता/प्राधिकृत एजेंसी/डीलर/स्टॉकिस्ट/आपूर्तिकर्ता से आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28.02.2023 के अपराह्न 05:00 बजे स्वीकार किये जायेगे। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्धारित अवधि तक प्राप्त निविदाएँ को दिनांक 01.03.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सभागार में खोला जाएगा। जिसमें तकनिकी भाग में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। निविदा कागजात/सामग्रियों की सूची, गढ़वा जिले के बेबसाईट Http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
सिविल सर्जन, सदर अस्पताल, गढ़वा।
PR.NO.290782 Health Med Edu and Family Welfare(22-23):D

आवास योजना को पूर्ण करने में तेजी लाएं : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
मनिका। मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में मंगलवार दिन को बीडीओ बिरेंद्र किंडो द्वारा पंचायत सेवक सहित प्रखंडकर्मियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान मनिका प्रखंड के विभिन्न पंचायतो मे चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा किया गया। बीडीओ ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी पंचायत सेवको को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना मे तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा की सभी पंचायत सेवक अपने अपने पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने के गति मे तेजी लाये। बीडीओ बिरेंद्र किंडो ने कहा की देखा जा रहा है की थोड़े थोड़े कार्य के बगैर कई आवास योजना पुर्ण नही हो सका है। वैसे अपूर्ण आवास को लाभुको से मिलकर उन्हे प्रोत्साहित कर आवास योजना को जल्द पुरा करें। बीडीओ ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना मे कोई कोताही बर्दाश्त नही किया जायेगा। वही बीडीओ बिरेंद्र किंडो ने बारी बारी से मनिका प्रखंड के सभी 15 पंचायतो मे अधुरे पड़े आवास योजनाओ के बावत पंचायत सेवको से अध्ययतन रिपोर्ट भी मांगा। बैठक मे उपस्थित पंचायत सेवको को निर्देश देते हुए कहा की क्षेत्र से ग्रामीण मजदुरो का बाहर पलायन नही हो इसके लिए पंचायत के सभी गांव मे मनरेगा से ली गई योजनाओ को जरूरत के हिसाब से चालु करे। मौके पर सिंजो पंचायत के पंचायत सेवक मनोहर सिंह मनिका पंचायत सेवक घुरा राम मटलौंग पंचायत सेवक अर्जुन राम सहित कई अन्य प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

चतरा में उपायुक्त का लगा जनता दरबार

चतरा। मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों पर संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। डीसी के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, राशन कार्ड, आवास आदि से संबंधित मामले आए थे। सप्ताह के हर मंगलवार व शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में डीसी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

बाइक में सेल्फ मारने के दौरान लगी आग

लातेहार। सदर प्रखंड के तरवाड़ी पंचायत के गुरगु गांव में मंगलवार को दोपहर लगभग 1:00 बजे गुरुगु निवासी किशन उरांव पिता स्व0 फजी उरांव के घर में मोटरसाइकिल को स्टार्ट करने के दौरान सेल्फ मारने के क्रम में अचानक आग लग गई। मोटरसाइकिल में आग लगने पर वहां पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में धूल मिट्टी पानी आदि से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग असफल रहे हैं।इस आशय की जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया की होंडा मोटरसाइकिल को घर से बाहर निकाल कर लातेहार बाजार जाने के लिए जैसे ही मोटरसाइकिल स्टार्ट करने के लिए सेल्फ मारा मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई, और देखते ही देखते पूरी बाइक जलकर राख हो गई। पीड़ित किशुन उरांव ने बताया यह हौंडा मोटरसाइकिल गाड़ी मेरे छोटे भाई सुनील उरांव के नाम से है, जिसके कागजात भी गाड़ी में ही रखे थे। पीड़ित नें यह भी बताया कि हमलोग अपने परिवार का गुजारा करने के लिए दोनों भाई बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं।

शबरी जयंती मनाने को लेकर कमेटी गठित

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित झरीवा टोला में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति लातेहार के बैनर तले मंगलवार को सोमर भुइयां के अध्यक्षता में माता शबरी की 43 वा जयंती मनाने को लेकर बैठक की गई। शबरी जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर सर्व समिति से कमेटी बनाई गई। जिसमें अध्यक्ष सोमर भुइयां सचिव बबलू भुइयां, कोषाध्यक्ष गुड्डू पाहन, उपाध्यक्ष अनिल भुइयां, संरक्षक रामकुमार भुइयां, परामर्श धर्मजीत भुइयां, सदस्य संघर भुइयां, लखन भुइंया आदि को बनाया गया। बैठक में आगामी 24 फरवरी दिन शुक्रवार को शबरी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर वक्ताओं ने समाज के उत्थान के लिए कई निर्णय लिए जिसमें नशा छोड़ने, बच्चों को शिक्षा देने, कुरीति रिवाज से तौबा करने आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सड़क हादसे में छिपादोहर सीआरपी घायल

बरवाडीह। प्रखंड के छिपादोहर संकुल साधन सेवी सुमन कुमार मंगलवार दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सीआरपी सुमन कुमार का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड निवासी सुमन कुमार छिपादोहर सीआरसी क्षेत्र में संकुल साधन सेवी के पद पर कार्यरत है। सीआरपी सुमन कुमार अन्य दिनों की तरह मंगलवार को भी छिपादोहर सीआरसी में ड्यूटी करने गए थे ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोपहर 3:00 बजे के करीब अपने मोटरसाइकिल से रिसोर्स टीचर विनोद कुमार महतो के साथ अपने घर वापस बरवाडीह आ रहे थे। इसी क्रम में छिपादोहर मुख्य मार्ग लुहूर के समीप एक कुत्ता को बचाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें दोनो घायल हो गए। हेलमेट पहनने के कारण सुमन कुमार को सिर में चोट नहीं लगी केवल पैर और हाथ में चोट लगी है। दोनों घायलों को अगल-बगल के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन एवं कंपाउंडर बबलू सिन्हा ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर रंजन ने दोनों को खतरे से बाहर बताते हुए अस्पताल से मुक्त कर दिया।

ई टिकट के अवैध कारोबार में युवक को जेल

चंदवा। रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में अवैध ई टिकट कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान बारा बालूमाथ के अभिषेक मोबाइल शॉप में छापेमारी की गई। आरपीएफ ने दुकान से 8,500 के पुराने कटे हुए ई टिकट बरामद किया इसके बाद दुकान संचालक शिवदयाल कुमार पिता बढ़न महतो समेत कंप्यूटर व अन्य सामानों के साथ टोरी पोस्ट लाकर उसके विरुद्ध कांड सं 245/23 धारा 143 रेलवे अधिनियम दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में टोरी निरीक्षक प्रभारी के अलावा उप निरीक्षक मणिकांत कुमार, अजीत कुमार, कुंदन कुमार समेत रेलवे सुरक्षा बल शामिल थे। टोरी आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि रेल टिकट की अवैध दलाली और रेल संपति को नुकसान पहुंचाने की नीयत रखने वालों को सुधरने की नसीहत दी है। यह भी कहा कि चिन्हित किए जाने के बाद वैसे लोगों पर रेल की न्यायसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई निश्चित है।

25 फरवरी को दुगोला कार्यक्रम का आयोजन

मनिका। ग्राम मनिका के भदईबधान टोला के शिव मंदिर में 25 फरवरी को नवयुवक संघ भदईबथान के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन करने को लेकर बैठक किया गया। जहां सभी ने निर्णय लिया कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें व्यास सुदर्शन यादव और व्यास सिंह शंकर यादव भाग लेंगे। जहां पर राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह उर्फ गिरी फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे । कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए समिति का गठन भी किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पंकज यादव, उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव, सचिव गोविंद यादव, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव, उपसचिव मुनेश्वर यादव,सदस्य डोमन यादव,जितेंद्र यादव, विकास यादव ,संतु यादव, सुरेंद्र यादव, मुकेश यादव, रामदेव यादव, सूर्य देव यादव ,संतोष यादव, सुधीर यादव, संजय यादव, अखिलेश यादव, भूतेश्वर यादव, बृजेश यादव, सुनील यादव आदि को बनाया गया है।

राजकीय इटखोरी महोत्सव

कलाकारों ने जलवा बिखेरा

शब्बीर कुमार ने दर्शकों को खूब रिझाया, कलाकारों को स्मृति चिह्न और मोमेंटो किया गया भेंट

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी
तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के दुसरे दिन सोमवार के देर शाम से रात्रि तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा संगीत से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न स्कूली बच्चों के नृत्य कार्यक्रम से किया गया। इसके पश्चात पवन, मोनू राज, वर्षा और ग्रुप द्वारा नागपुरी गीत और नृत्य द्वारा झारखंड की सांस्कृतिक छठा बिखेरी। उसके बाद प्रवीण दुबे ने श्रद्धा से भरे भजनों द्वारा कार्यक्रम को आस्था और उमंग से भिंगो दिया। जबकी किस्सू राहुल एवं ग्रुप ने हिंदी फिल्मी धुनों पर नृत्य व सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप ने छउ नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं मंच पर आए शब्बीर कुमार एवं ग्रुप के हिंदी सिनेमा के मशहूर एवरग्रीन गानों को सुनकर लोग हर्षित हो उठे। कार्यक्रम के अंत में राहुल मुखर्जी एवं ग्रुप के गाये गानों को सभी ने खूब सराहा और गायन में सम्मिलित होकर खूब आनंद लिया। इस अवसर पर सभी कलाकारों को मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, पीडीजे राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान, जिप अध्यक्ष ममता देवी, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

बरवाडीह में जल मीनार निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत, जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के बरवाडी प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 15 वे वित्त आयोग से लगाए गए जल मिलान में व्यापक अनीता की शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग किया है इस संबंध में कन्हाई प्रसाद ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में15वी वित्त मद द्वारा कई जल मीनार लगाये गये है। जलमीनार मे भारी अनीमियतता बरती गयी है उन्होंने कहा पूर्व में एवं वर्तमान मे लगाये गये जलमिनार मैं अधिकांश खराब पड़े हुए। उन्होंने कहा क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा की अधिकतर जलमीनार खराब पाए गए है। जिसमे बेतला पंचायत के तुरी टोला, मोर्रवाई पंचायत के उच विद्यालय सैदुप, छिपादोहर, लात समेत अन्य पंचायत में लगे अधिकतर जलमिनार को बिना गुणवता के जांचे बगैर पंचायत सेवक एवं सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा के भुगतान कर दिया गया। जिसके कारण बहुत से जलमीनार खराब है और ग्रामीण जनता को इससे लाभ नही मिल रहा है। उन्होंने उपायुक्त से मांग किया गया की जल्द से जल्द खराब जल मीनार की मरम्मत करवाते हुए इसी गुणवत्ता के उच्च स्तरीय जांच कराया जाए।

चतरा में ढाई किलो का प्रेशर बम बरामद

चतरा। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नक्सलियों की बड़ी साजिश जिले के वशिष्टनगर जोरी थाना अंतर्गत कैडिमो जंगल से ढ़ाई किलो का प्रेशर बम बरामद कर कर दिया। सूचना थी की आस-पास हथियार के साथ नक्सली भ्रमणशील हैं, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आलोक में सहायक समादेष्टा परमवीर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अभियान चलाया गया।

एसएस पब्लिक स्कूल की मनी वर्षगांठ

नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर
मंगलवार को चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत एसएस पब्लिक स्कूल नावाडीह का 8वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जनार्दन पासवान विद्यालय के निर्देशक सतीश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से एक बढ़कर संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडली में क्षेत्रीय कलाकार सियाराम पासवान उपस्थित थे। स्थापना दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य भागीरथ कुमार गुप्ता ने कहा की विद्यालय में 2 मार्च तक निःशुल्क नामांकन किया जाएगा और दिव्यांग बच्चों एवं अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। शिक्षक बिलास कुमार यादव ने कहा कि अगर समाज की बुराई को मिटाना है तो शिक्षा एक बहुत बड़ा समाधान है। शिक्षा में बेटा-बेटी को एक समान अधिकार मिलना चाहिए। मौके पर अकाश कुमार, चंदन कुमार, मुन्नी कुमारी, जुली कुमारी, मोनिका कुमारी, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, गुड़िया कुमारी, रेशमी कुमारी, नंदनी कुमारी शिवम कुमार, सुबोध कुमार, रिशु कुमार, संतन कुमार आदि उपस्थित थे।

सारी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं को मिले : डीसी

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन/अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर लगातार अनुश्रवण /पर्यवेक्षण कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन मिले सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा बताया गया की सरकार द्वारा सभी सरकारी विद्यालय में मध्याह्न भोजन का संचालन किया जा रहा है। उक्त महत्वपूर्ण योजना का संचालन जिला अंतर्गत सभी विद्यालय में निर्धारित मापदंड के अनुसार किया जा रहा है अथवा नहीं यह निरीक्षण किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की स्थिति व भोजन की गुणवत्ता से संबंधित जांच करते हुए उपायुक्त कार्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए पदाधिकारियों को स्कूलों में जाकर सतत मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही उपायुक्त द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम | सविमं में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया

मातृभाषा हिंदी भारत की समृद्ध भाषा : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
स्थानीय विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ लातेहार के वंदना सभागार में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समिप दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय के आचार्य फूलचंद सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को महत्व बताते हुए कहा गया कि हमारी मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा दिए जाने के लिए हर स्तर पर प्रचार होना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने मातृभाषा के बारे में बताते हुए कहा कि आज जब विदेशी भाषाओं को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है तो इस स्थान पर अपनी सभ्यता - संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए मातृभाषा को ज्यादा से ज्यादा व्यवहार में लाना बहुत जरूरी हो गया है। मातृभाषा हिंदी भारत की समृद्ध भाषा है। यह हमारी भारत की पहचान है। हमे इस पर गर्व होना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निम्नांकित आचार्य और दीदी जी की गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, विजेंद्र शर्मा, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम जी, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक आदि मौजूद थे।

वन महोत्सव कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

वनों से जो करे प्यार, समझो उसका हुआ बेड़ापार : रामकुमार यादव

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन के लिए रामकुमार यादव की अध्यक्षता में पायनियर पब्लिक स्कूल परिसर में एक बैठक की गई । बैठक में मुख्य रूप से ग्राम के ग्रामीण उपस्थित रहे। बता दें कि प्रतिवर्ष 4 मार्च को पर्यावरण संरक्षण मेला ग्राम तूरकाटांड़ बालू में आयोजित होता रहा है । इस बार भी वन प्रेमियों ने पर्यावरण दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया । कार्यक्रम का विषय में जानकारी देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष राम कुमार यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण मेला सह संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण से लाभ आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। वही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वृक्ष को पूजा कर रक्षा सूत्र बांधा जाएगा। मौके पर रामकुमार यादव, संजय कुमार, इंद्रदेव भगत, भुनेश्वर उराव, जितेंद्र उराव, मंगल देव उराँव, देव कुमार उराव ,श्याम देव उराव, माधव सिंह,बबलू, सुरेश, शीलामनी देवी, सुकरी देवी, रूपा देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

NEWS इन ब्रीफ

बानो में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

बानो। बानो प्रखंड कार्यालय के समीप मुख्यमंत्री सारथी योजना कार्यक्रम के तहत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उद्घाटन स्टेट कोडिनेटर अभिजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।मौके पर उन्होंने ने कहा आज मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रांची में कई तरह प्रशिक्षण निःशुल्क बच्चों को दिया जा रहा है। लड़को व लड़कियों के लिये अलग-अलग कोर्स है।सभी छात्र छात्राओं के लिये भोजन व आवास, यूनिफार्म, प्रेक्टिकल आदि सुबिधा निःशुल्क दिया जा रहा है। मौके पर उत्तम कुमार, रमेश कुमार, राजेश बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे। मंगलवार को आयोजित रोजगार में 30 लड़कियां व 15 लड़कों ने नामांकन कराया।

हाथी पीड़ित परिवार से मिले बीडीओ

कुडू। कुडू के मसियातु गांव में हाथी ने एक महिला को कुचलकर मार डाला था। मृतक मुनिया देवी के परिवार से बीडीओ ने मुलाकात कर उन्हें हर संभव सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर उन्हे पचास किलो चावल दिया गया। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा की पीड़ित परिवार को आवास, राशन कार्ड इत्यादि जो भी जरूरत होगी उसे पूरा किया जायेगा। वन विभाग के द्वारा पच्चीस हजार अभी दिया गया है बाकी आगे भी पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

फौजी की पत्नी के हत्या मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कोलेबिरा। मंगलवार को कोलेबिरा पुलिस ने फौजी की पत्नी किरण देवी की गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए एसडीओपी डेविड ए डड्रोय ने बताया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कोम्बाकेरा में विगत 14 फरवरी को सुलेन्द्र नामक फौजी की पत्नी किरण देवी की कुछ अपराधियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद एसपी के निर्देश पर एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था।जिनके नेतृत्व में पुलिस टीम इस मामले में तहकीकात करते हुए मंगलवार को गोली चलाने वाले एक अपराधी पंकज साहु को धर दबोचा और जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कलिन्द्र महतो नामक व्यक्ति फौजी की पत्नी के हत्या की साजिश रचते हुए पंकज साहु सहित तीन अन्य अपराधियों की सहायता से उसे घर में गोली मरवाकर हत्या करवाई थी। जिसमें पंकज साहु की गिरफ्तारी हो गई है। कलिन्द्र सहित बाकि अपराधियों की तलाश में पुलिस जुटी है। जिनकी गिरफ्तारी भी जल्द कर ली जाएगी।

रिक्त पदों के आलोक में कम्प्यूटर दक्षता टेस्ट का आयोजन

लोहरदगा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा अंतर्गत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) के रिक्त 03 और सहायक तकनीकी प्रबंधक (एटीएम) के रिक्त 12 पदों के आलोक में कम्प्यूटर दक्षता टेस्ट का आयोजन आज डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में किया गया। बीटीएम के 03 पदों के विरूद्ध 11 और एटीएम के 12 पदों के विरूद्ध 74 आवेदन जिला को प्राप्त हुए थे। इसमें बीटीएम पद के लिए 08 और एटीएम पद के लिए 33 अभ्यर्थी आज आयोजित कम्प्यूटर दक्षता जांच में शामिल हुए। इस मौके पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, आत्मा परियोजना उपनिदेशक तृप्ति तिर्की व अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

पुलिस की छापेमारी में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

तीन कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त, दो हिरासत में

कुडू (लोहरदगा)। कुडू थाना पुलिस ने हेंजला के समीप तीन अवेध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। मौके पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। किसी भी ट्रैक्टर में गाड़ी नंबर अंकित नही है। कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर तत्वरित करवाई करते हुए पुलिस ने छापामारी कर तीन ट्रैक्टर और दो लोगों को हिरासत में लिए। कोयला अवेध रूप से ईट भट्ठों को दिया जा रहा है। पुलिस छानबीन कर रही है। तीनों ट्रैक्टर मिलाकर पांच टन कोयला है।

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
नदी घाट से बालू का दोहन पर पूर्णतया रोक लगाने के बावजूद बालू माफिया सरकारी आदेश के विरुद्ध बालू का दोहन करने में लगे हैं। वही लोहरदगा सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों में बालू की अवैध निकासी हो रही है। इस पर टीम गठित करते हुए लोहरदगा सदर थाना पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में शंख नदी बालू घाट मे 3 ट्रैक्टर बालू निकासी कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही बालू निकासी में लगे ट्रैक्टर चालक और मजदूरों में हड़कंप मच गई। मौके पर से पुलिस टीम ने बालू से लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वही छापामारी करने गई सदर थाना के सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार व सशस्त्र बलों ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर और बालू माफियाओं को दूर तक खदेड़ा। शंख नदी बालू घाट में पुलिस की दबिश बढ़ा दी गई है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सदर थाना पुलिस का की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।

कूप में गिरने से 85 वर्षीय वृद्ध की मौत

नवीन मेल संवाददाता। बानो
बानो थाना क्षेत्र के ग्राम एकोदा अम्बा टोली निवासी विष्णु मुंडा 85 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की कूप में डूबने से मौत हो गई। घटना के विषय में बताया गया की उक्त व्यक्ति पानी भरने के लिये कुआं के पास में गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से उक्त व्यक्ति कूप में गिर गया। जिसके कारण व्यक्ति की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी होने पर बानो थाना प्रभारी फिलिप मिंज दल बल के साथ घटनास्थल पर

पहुंचे लेकिन उक्त व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। बानो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।

हाथियों का झुंड का ग्रामीणों में भय बरकरार, रतजगा कर रहे लोग

एकसाथ जली चार चिताएं

ग्रामीणों को बचाते-बचाते खुद अधिकारी भी खतरे में आ गए

कुलदीप कच्छप। भंडरा
जिले में झुंड से भटक कर हाथी का आतंक खत्म हो चुका है, परंतु लोगों में अभी भी डर बना हुआ है। लोगों को हाथी के चले जाने का सही जानकारी नहीं होने के कारण अब भी गांव वालों का डर है कि हाथी कहीं आस-पास है और पुनः वापस आ सकता है। परंतु स्थिति यह है कि हाथी को वन विभाग की टीम द्वारा लोहरदगा जिला क्षेत्र से बाहर रांची जिला क्षेत्र में पहुंचा दिया गया है। भंडरा के कसपुर लड़ाई टोंगरी के ग्रामीणों ने बीती रात हाथी के आतंक को लेकर रात भर रतजगा किए, दिन में भी कई प्रकार की हाथी आतंक से संबंधित चचाएं होती रही। हाथी ने 4 लोगों को जमीन पर पटक कर मार डाला। इसको लेकर गांव में चचाएं हो रही है एवं पीड़ित परिवार में काफी रोष एवं दुख है। एक गांव में एक साथ चार चिताएं जली। पूरे गांव में इस दुख की घड़ी का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीण यह भी कह रहे हैं कि वाली बार ऐसा होगा जब गांव में एक साथ चार लोगों को कंधा देकर चिता जलाया गया। मृतक में जीतराम उरांव की 28 वर्षीय पत्नी चांदमणि उराईन उर्फ झालो, स्वर्गीय बकसू महतो के 65 वर्षीय पुत्र लालमोहन महतो, राजेश लोहरा की 20 वर्षीय पत्नी नेहा देवी उर्फ सुकून एवं एतवा उरांव के 30 वर्षीय पुत्र गणेश कुजुर शामिल हैं। सभी भंडरा थाना अंतर्गत कसपुर लड़ाई टोंगरी के रहने वाले हैं। मृतिका नेहा देवी का लव मैरिज 3 माह पहले ही हुआ था। राजेश लोहरा के परिवार वालों ने बताया कि इनका 3 माह पूर्व लव मैरिज के माध्यम से शादी हुआ था। मायके वालों ने राजेश्वर लड़की भगाने का आरोप लगाया था और थाने में मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। अब हाथी ने इसकी पत्नी को जान से मार डाला तो सवाल यह खड़ा होता है कि राजेश का क्या होगा। वही चांदमणि उराईन का 2 माह का दूध मुहा बच्चा समेत चार बच्चे हैं। अब भरण पोषण पर सवाल खड़ा हो रहा है। इधर राजनीतिक दल के लोगों ने मृतक परिवार के लोगों को मुआवजा देने का आश्वासन तो दिया परंतु बेसहारा बच्चों के लालन-पालन और उनके भविष्य की चिंता कोई नहीं कर रहे हैं।

भंडरा में जारी हाथियों के कहर के बीच अधिकारियों की टीम ने लोगों को हाथी से दुर करने के प्रयास में खुद ही खतरे में अपनी जान डाल दी। जानकारी के अनुसार सोमवार को अधिकारी भी हाथियों के आगे आते आते बच गए। शाम में लोगों को दुर करने के प्रयास में सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा और सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता खतरे से अनभिज्ञ भीड़ से आगे आ गये थे। इसी बीच हाथी झाड़ियों से बाहर निकल आया और अधिकारियों की ओर ही बढ़ने लगा। खतरे को भांपते हुए तीनों अधिकारी एक ढलाई घर में टंगा सीढ़ी से छत पर चढ़ गये। जैसे ही ऊपर चढ़े हाथी उसी घर के पास पहुंच कर घर के इर्दगिर्द मंडराने लगा। कुछ देर बाद ही हाथी वहां से प्रस्थान किया। तब जाकर अधिकारियों की टीम नीचे उतरी और अपनी जान बचाई।

मृतक परिवार के घर पर नहीं थी शौचालय इसलिए हाथी के हुए शिकार

मृतक परिवार के लोगों ने बताया कि घर में शौचालय नहीं है इसलिए परिवार के सदस्य स्वास्थ्य के लिए सुबह-सुबह बाहर जा रहे थे और इसी दौरान हाथी ने उन्हें पटक कर मार डाला। यदि उन्हें शौचालय घर पर ही उपलब्ध होती तो उनकी जान बच सकती थी।

ग्रामीणों ने वन विभाग पर समय पर नहीं पहुंचने का सवाल खड़ा किया

ग्रामीणों ने कहा कि घटना की सूचना विभाग को दी गई परंतु हाथी को नियंत्रण करने की दिशा में ठोस पहल नहीं किया गया। जिसके कारण ग्रामीणों की जान चली गई। विभाग में कार्यरत कर्मी भी डरपोक है, जो उसे नियंत्रित करने का ठोस कदम उठाने नहीं जानते हैं। यह भी बताया गया कि यदि विभाग द्वारा उसे नियंत्रण किया जा सकता था, क्योंकि इसकी सूचना एवं हाथी के तांडव की जानकारी उन्हें पहले भी थी। सिर्फ हाथी को खदेड़ना समस्या का समाधान नहीं होता है।

कैरो में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। कैरो
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा लोहरदगा के सौजन्य से मंगलवार को प्रखंड परिसर में किसान मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। किसान मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि जब किसान आगे बढ़ेंगे तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा। देश की बड़ी आबादी कृषि कार्य पर ही निर्भर हैं जब तक किसान आर्थिक रूप से मजबूत नही होंगे तबतक हमारा देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नही बन सकता है। आज आबादी बढ़ रही है और जमीन जो था आज भी वही है कृषि योग्य जमीन का भी उपयोग घर मकान कल कारखाने आदि बनाने में भी किया जा रहा है। प्रति क्षेत्रफल पैदावार बहुत कम है जब तक किसान भाई वैज्ञानिक तरीके से

उन्नत तरीके से खेती बाड़ी नही करेंगे पैदावार को बढ़ाया नही जा सकता है। उन्नत खेती के लिए कृषि के आधुनिक तरीके को अपनाए, उन्नत बीज खाद का प्रयोग करें, मिट्टी की जांच कराते रहें, आवश्यकता अनुसार ही दवा का भी उपयोग करें। सहायक तकनीकी पदाधिकारी एनएफएसएम दिनेश चंद्र ने किसानों को कृषि की नई तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बतलाते हुए कहा कि अभी सरकार द्वारा 2020-23 वितीय वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज अभियान के रूप में चलाया जा रहा है जिसके तहत ज्वार बाजरा गोंदली, मडुआ, कोदो सहित मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। किसान मेला में किसानों द्वारा लगाए गए कृषि प्रदर्शनी में उत्कृष्ट उत्पाद लाने वाले किसानों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उत्साह बढ़ाया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड प्रभारी कृषि पदाधिकारी मृणाल प्रकाश, मुखीया श्रवण मुंडा, सुमन उरांव, पंचायत समिति सदस्य मीणा कुमारी, उप मुखिया जगबन्धन भगत, बीससूत्री सदस्य समीद अंसारी, बीटीएम एपी वर्मा, महताब आलम, कृषक मित्र मृत्युंजय तिवारी, हिमायुल अंसारी, समीम अंसारी, प्रतिमा देवी, समियूल अंसारी आदि उपस्थित थे।

भंडरा प्रखंड मुख्यालय से उतारी पीएम की तस्वीर

भाजपा ने जताया एतराज, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा
भंडरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष से देश के प्रधानमंत्री की तस्वीर उतारने के मामले में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष विवेक सोनी ने बतया की 20 फरवरी को स्थानीय विधायक सह राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के आगमन प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित था। उनके जाने के बाद पता चला कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तस्वीर सभा कक्ष से हटा दिया गया है। जैसे ही मुझे मालूम हुआ तो मैं स्वयं प्रखंड मुख्यालय सभा कक्ष में जाकर देखा सारे तस्वीर लगी है मुख्यमंत्री की तस्वीर है पर माननीय प्रधानमंत्री की तस्वीर मुख्यमंत्री के बगल में नही था। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की प्रधानमंत्री किसी एक व्यक्ति या पार्टी विशेष के नही होते। मालूम

होना चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री 140 करोड़ जनता के प्रधानमंत्री है। ऐसे में सभा कक्ष से प्रधानमंत्री जी की तस्वीर हटाना सवैधानिक परम्परा का अपमान है। पूरे देश का अपमान है। ऐसा ओछी कार्य किसके इशारों पर किया गया है किसी एक व्यक्ति विशेष को खुश करने के लिए किया गया है इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कारवाई होनी चाहिए। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, बिंदेश्वर महतो, केदार प्रसाद गुप्ता, विनोद लकड़ा, छेदी राम, सुहेल अमीन, पंकज कुमार साहू आदि मौजूद थे।

अनाधिकृत रूप से संचालित लॉज का निरीक्षण

गुमला। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने थाना रोड स्थित बाबर गली में एक अनाधिकृत रूप से संचालित लॉज का निरीक्षण किया। बिना अनुज्ञप्ति चल रही इस लॉज को मानकों के अनुरूप ना पाकर उन्होंने मौके पर रू. 5000 का अर्थदंड अधिरोपित किया। जांच के दौरान पाया गया कि लॉज संचालक ने न तो नगर परिषद से लाइसेंस लिया हुआ है, और न हीं इस लॉज में कोई रजिस्टर, कोई सीसीटीवी तथा कोई अग्निशामक यंत्र है, जबकि मौके पर कई मुसाफिर यहां ठहरे हुए थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने संबंधित संचालक को नोटिस जारी किया है। इस मामले को लेकर ईओ ने बताया कि जन शिकायत मिली थी कि अवैध रूप शहर में कई लॉज संचालित किए जा रहे हैं। प्राप्त जन शिकायत पर जांच कर यह करवाई कि गई है, उन्होंने बताया कि शहर में ऐसे कई अन्य लॉज भी हो सकते हैं इसलिए व्यापक स्तर पर जांच की आवश्यकता है।

ऑटो चालक संघ की हुई बैठक विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
मंगलवार को स्थानीय टैक्सी स्टैंड में झारखंड ऑटो चालक संघ की एक बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव अतुल बरला ने किया। जिसमें मुख्य रुप से संगठन के अध्यक्ष राजेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में ऑटो चालक संघ को हो रही परेशानियों के सम्बंध में विचार विमर्श किया गया। जैसे सिमडेगा जिला के अंदर लगभग हजारों ऑटो आते हैं। परंतु उनके ऑटो स्टैंड में जगह कम होने की वजह से काफी परेशानी होती है। जगह कम होने की वजह से ऑटो को अन्यत्र खड़ा करना पड़ता है। जिसके वजह से चालकों द्वारा कई बार जुर्माना भी भरा जा चुका है। चालकों ने बताया कि नगर परिषद के द्वारा केवल टैक्स वसूला जाता है सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। इन दिनों गर्मी का मौसम आ गया है परंतु ऑटो स्टैंड में स्वच्छ

पेयजल हेतु कोई भी सुविधा नहीं है। जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। वही कहा कि ऑटो स्टैंड में शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। वही ऑटो चालकों ने वाहन चेकिंग के दौरान भी अवैध वसूली की शिकायत की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि अब हम सभी ऑटो चालकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। सभी एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर उससे भी बात ना बनी तो अपनी समस्याओं को लेकर हाईकोर्ट की शरण में भी जाएंगे। वही सभी ऑटो चालकों को अपने-अपने वाहनों के कागजातों को दुरुस्त करने की बात कही उन्होंने कहा कि सभी चालक अपने अपने वाहनों के कागजात साथ रखें वहीं उन्होंने सभी चालकों को अपने वाहनों में ओवरलोड ना करने की अपील की साथ ही उन्होंने सभी चालकों को बिना नशा किए वाहन चलाने की हिदायत दी। बैठक में मुख्य रूप से जितेन सिंह, बबलू राम, कुंडेश्वर रा, फिलिप्स बा, रामलाल सिंह, मनोज बा, माइकल किंडो, जागे महतो, सुशील राम, अतुल बरला, विनोद सिंह, जगमोहन राम इत्यादि उपस्थित थे।

जिप सदस्य ने ग्रामीणों की सुनी समस्या

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड के पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने पाइकपारा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने पाइकपारा के देवबहार में बैठक कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुने। ग्रामीणों ने सिंचाई, पेयजल, सड़क एवं कई समस्याओं को रखते हुए लिखित आवेदन ही भी दिया। जिप सदस्य एक्का ने गांव की सारी समस्याओं को संबंधित विभाग तक पहुंचाने तथा समस्याओं का अविलंब निदान की मांग सरकार से करने का आश्वासन दिया तथा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। सभी युवाओं को रोजगार - स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की ओर अग्रसर होने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी कहा की ग्राम सभा को मजबूत करते हुए अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर पाइकपारा पंचायत मुखिया सुशीला लकड़ा, अमृत चिराग तिर्की, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम मुरपा के मैदान में महिला सभा व बाल सभा कार्यक्रम का आयोजन

धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान हो

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत के मुरपा के मैदान में महिला सभा एवं बाल सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस मुख्य रूप से उपस्थित थी। डीडीसी ने महिलाओं द्वारा तैयार की गई योजनाओं की सभा में शामिल हो गांव की महिलाओं से मेरा गांव मेरा सपना कार्यक्रम के तहत योजना की प्लानिंग एवं पंचायत की योजना को धरातल पर कार्य करने की जानकारी लिया। मौके पर महिला सभा में सरकार की योजना प्लान प्रस्तुत किया गया। गांव को पांच वर्षों के अंदर विकास करने के

उद्देश्य से गांव को नशा मुक्त करना,बाल विवाह पर रोक, डायन बिसाही कुप्रथा पर रोक, गरीबी रेखा से लोगों को ऊपर उठाने के लिए योजना की जानकारी दिया गया। साथ ही महिला सभा में जंगल का अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहिया का दायित्व, गांव का अति गरीब परिवार को चिन्हित करना, जैविक खाद की उपयोगिता, मनरेगा में काम की प्राथमिकता, प्राकृतिक संसाधन का संरक्षण करने के विषय पर डीसीसी समीरा एस के साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा संवाद स्थापित किया गया। मौके पर डीडीसी समीरा एस ने कहा कि मुरपा ग्राम में चेक डैम निर्माण हुआ है। उस पर सिंचाई की सुविधा बहाल करने की मांग की है। ममता वाहन की समस्या से अवगत कराया है। स्कूल में पानी की व्यवस्था की कमी बतलाया है। महिला सुरक्षा की बात कहीं गई है। उगरा स्वास्थ्य केंद्र का भवन आठ वर्षों से बनकर तैयार है। लेकिन अस्पताल खुलता ही नही। प्रसव की समस्या के बारे में भी बताया गया है। जिज पर डीडीसी ने कहा कि धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही कहा कि महिला सुरक्षा के लिए हाट बाजारों में सोलर लाइट लगाया जाएगा महिलाओं का आजीविका से जुड़ने के लिए ऋण की व्यवस्था सरकार द्वारा किया गया है। उसका लाभ उठाएं प्राकृतिक संसाधन रक्षा जरूर करें जो भी योजना आप लेते हैं। उसको ग्रामसभा से पारित करके जिला भेजें जिसे चिन्हित योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। जिसे ग्रामीणों की योजना का सपना स्कार होगा। और आजीविका का साधन भी मिलेगा लोहरदगा कृषि प्रधान जिला है। जिससे आपको खेती करने में भी लाभ मिलेगा मनरेगा से जुड़े महिलाओं को 32 एकड़ में आम बागवानी से लाभ अवश्य मिलेगा। महिला सभा से जुड़ी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड एवं जिला प्रशासन हर सम्भव प्रयास करेगी। कार्यक्रम के पश्चात मुरपा में सोलर सिंचाई योजना का फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

डॉ टी साहू ने नवनिर्मित प्याऊ का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में नगर के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ टी साहू के द्वारा भव्य प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस प्याऊ का निर्माण डॉ टी साहू के सौजन्य से किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति के सभी सदस्य सभी मौजूद थे। प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद ने कहा यह विद्यालय हित में परम पुनीत कार्य है यह कार्य सराहनीय है विद्यालय परिवार सहर्ष कृतज्ञता प्रदान करती है। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा यह पुनीत कार्य बच्चों के हित के निमित्त सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। जल ही जीवन है तथा बालकों के प्रति डॉ टी साहू का अपूर्व प्रेम की भावना प्रकट होती

है। विद्यालय परिवार उनको आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अजय प्रसाद, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, अभिभावक प्रतिनिधि शोभा देवी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

अप्रैल 2023 से शुरू हो जाएगी अनाज के दाम में बढ़ोत्तरी

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार देश में गेहूं की खुली बिक्री और खाने के तेल के तेल पर आयात ड्यूटी जैसे उपायों से खाद्य महंगाई दर को काबू में रखने के प्रयास कर रही है पर अब एक ऐसी खबर आई है जो सरकार के लिए चिंता की वजह हो सकती है। जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितता, मजबूत वैश्विक और घरेलू मांग के कारण अगले वित्त वर्ष यानी 2023-24 में अनाज कीमतें उच्चस्तर पर बनी रह सकती हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने यह जानकारी दी है। क्रिसिल ने साफ तौर पर कहा है कि हाल के अनुभव से लगता है कि अनाज की कीमतों में और वृद्धि की संभावना नहीं है, लेकिन ग्लोबल कारणों से देश में अनाज के दाम बढ़ सकते हैं जिसके चलते खाने-पीने के सामान की महंगाई में इजाफा देखा जा सकता है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में अनाज का घरेलू उत्पादन लगातार बढ़ा है लेकिन इसकी कीमतों में कहीं अधिक तेजी आई है। वित्त वर्ष 2017-22 के दौरान अनाज की फसलों के लिए भारित औसत फसल मूल्य सूचकांक सालाना आधार पर 3-4 फीसदी रहा है। इसमें कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में भी अनाज की कीमतों में पहले नौ महीनों में सालाना आधार पर काफी वृद्धि हुई है। गेहूं और धान में 8-11 फीसदी और मक्का, ज्वार और बाजरा में 27-31 फीसदी की वृद्धि हुई है। क्रिसिल ने कहा, अनाज फसलों के लिए कीमतों का रुझान समग्र रूप से मजबूत रहने की उम्मीद है। मौजूदा रबी सत्र में गेहूं के अधिक उत्पादन की उम्मीद से स्टॉक की स्थिति में सुधार आएगा, जिससे कीमतों पर दबाव कम हो सकता है। यदि सामान्य मानसून का फैलाव अच्छा रहता है तो धान, मक्का और बाजरा जैसी खरीफ फसलों के लिए उत्पादन की उम्मीदें सकारात्मक होंगी।

इंडियन चिप से चलेंगे दुनिया के स्मार्टफोन

नई दिल्ली। उद्योगपति अनिल अग्रवाल का वेदांता समूह और सेमीकंडक्टर सेक्टर की बड़ी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन मिलकर ये प्लांट गुजरात के धौलेरा स्पेशल इंवेस्टमेंट रीजन में लगाने जा रहे हैं। ये स्पेशल रीजन अहमदाबाद के पास पड़ता है। गुजरात सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल में जानकारी दी कि वेदांता और फॉक्सकॉन ने इसके लिए एक ज्वॉइंट वेंचर बनाया है। इस ज्वॉइंट वेंचर ने पिछले साल सितंबर में ही राज्य सरकार के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। कंपनी राज्य में 1.54 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर ये संयंत्र लगाने जा रही है। ये देश के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े कॉरपोरेट निवेश में से एक है। इस प्लांट में ना सेमीकंडक्टर बल्कि डिस्प्ले मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट भी स्थापित होगी. वहीं ये देश की पहली सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चिरिंग यूनिट होगी। वेदांता और फॉक्सकॉन के भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने की चर्चा लंबे समय से हो रही है।

महामारी के बाद परिवार की वित्तीय सुरक्षा जीवन लक्ष्य बना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ता, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज अपने प्रतिष्ठित सर्वेक्षण बजाज आलियांज लाइफ इंडिया'ज लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 का दूसरा संस्करण जारी किया। इस सर्वेक्षण में भारतीयों के जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं को चिह्नित किया गया है। इसे भारत के जीवन लक्ष्यों, आकांक्षाओं, प्रभावकारी कारकों और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तत्परता की पूरी तस्वीर लेने के लिए डिजाइन किया गया है। इस व्यापक अध्ययन में 40 से अधिक जीवन लक्ष्यों को शामिल किया गया है और यह मूल्यांकन किया गया है कि भारतीय इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खुद को कैसे तैयार कर रहे हैं। महामारी के बाद परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना भारतीयों के लिए शीर्ष जीवन लक्ष्य के रूप में उभरा है। 71% भारतीयों ने इसे अन्य लक्ष्यों के मुकाबले अधिक प्राथमिकता दी है। बजाज आलियांज लाइफ इंडिया के लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 में पाया गया है कि रिटायरमेंट प्लानिंग, संतुलित जीवन शैली अपनाना और बच्चों की शिक्षा प्रदान करना जीवन के शीर्ष लक्ष्यों में शामिल है। नए फोकस क्षेत्र जैसे कॅरियर में उन्नति, विदेश यात्रा और वृद्ध माता-पिता की पर्याप्त देखभाल सुनिश्चित करना भी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण जीवन लक्ष्य के रूप में उभर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि लक्ष्यों की औसत संख्या 2019 के मुकाबले 5 से बढ़कर 2023 में 11 हो गई। लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स, जो व्यक्ति के जीवन लक्ष्यों के लिए वित्तीय नियोजन की दिशा में आत्मविश्वास, ज्ञान और की गई कार्रवाई का एक कार्य है।

यूपीआई ट्रांजेक्शन पर मोदी का बड़ा बयान

यूपीआई बनेगा पॉपुलर सिस्टम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत में सबसे पसंदीदा पेमेंट सिस्टम बन गया है और जल्द ही यह कैश ट्रांजेक्शन को भी पीछे छोड़ देगा। आज भारत और सिंगापुर के बीच क्रॉस-बार्डर पेमेंट कनेक्टिविटी की शुरूआत हुई है। इसमें भारत के यूपीआई को सिंगापुर के पेनाऊ से जोड़ दिया गया है। दोनों देशों के पेमेंट कनेक्टिविटी को शुरू करने के लिए पीएम मोदी और सिंगापुर के पीएम ली सीन लूंग वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जुड़े। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022 में देशभर में कुल 126 ट्रिलियन रुपये की लेनदेन 74 बिलियन ट्रांजेक्शन के जरिए किए गए हैं। भारत में यूपीआई की सफलता को देखते हुए अब बाकी देश भी इस नये सिस्टम से जुड़ रहे हैं। इस मौके पर पीएम ने यह भी कहा कि कई एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि जल्द ही देश में यूपीआई कैश की पीछे छोड़कर सबसे पॉपुलर पेमेंट सिस्टम के रूप में उभरेगा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी कहा कि इतनी बड़ी संख्या में हो रहे यूपीआई ट्रांजेक्शन से यह पता चलता है कि यह भारत में निर्मित पेमेंट सिस्टम बिल्कुल सुरक्षित है। बता दें कि यूपीआई-पे नऊ लिंक लॉन्च होने के बाद दोनों देशों के बीच पैसों का लेनदेन बहुत आसान हो जाएगी। आज के बाद से लोग यूपीआई के जरिए सिंगापुर पैसे ऐले ट्रांसफर कर पाएंगे जैसे वह भारत के अंदर पैसे ट्रांसफर करते है। आज से सिंगापुर में रह रहे भारतीय पे नाऊ और यूपीआई के जरिए पैसों का लेन देन कर पाएंगे। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक और इंडियन बैंक के ग्राहकों को पैसे लेने और देने दोनों की सुविधा मिलेगी। वहीं एक्सिस बैंक और डीसीबी बैंक के ग्राहक केवल पैसे मंगवा सकते हैं।

भारत बनेगा लिथियम आयन सेल का किंग

नई दिल्ली। लोग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं वहीं कंपनियां भी तेजी से अपने पोर्टफोलियो में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक व्हीकलों को शामिल कर रहे हैं लेकिन भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की ग्रोथ इन वाहनों के सबसे अहम पहलू लीथियम आयन बैटरी पर निर्भर करता है। फिलहाल चीन की इसमें महारथ है और भारत की अधिकतर ईवी में चीन की बैटरी का ही इस्तेमाल होता है लेकिन भारत जल्द ही चीन को पटखनी देते हुए इस मार्केट का सिरमौर बनने की ओर बढ़ रहा है। एक अध्ययन में यह कहा गया है कि सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 50 गीगावॉट के लिथियम आयन सेल और बैटरी विनिर्माण संयंत्रों की स्थापना करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को 33,750 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। शोध संस्थान ह्यकाउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू)ह्ल ने मंगलवार को एक स्वतंत्र अध्ययन जारी किया।

हैकर्स अब बेच रहे हैं दिग्गज कंपनियों का डाटा

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज कंपनियों के डाटा सेंटर्स का लॉगिन पासवर्ड बेचने का मामला सामने आया है। हैकर्स ये डाटा बेच रहे हैं। ब्लूमबर्ग के एक रिपोर्ट के मुताबिक अलीबाबा, अमेजन, एप्पेल, बीएमडब्ल्यु एजी, माइक्रोसॉफ्ट और वॉलमार्ट जैसी कंपनियों के डाटा सेंटर्स का लॉगिन पासवर्ड से जुड़े डेटा हैकर्स हेच रहे हैं। जिन कंपनियों का डाटा बेचा जा रहा है उसमें भारत की भी कंपनियां शामिल है जिसमें भारती एयरटेल, और नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की साइबर सिक्योरिटी रिसर्च फर्म रीसिक्योरिटी ने खुलासा किया है कि इन हैकर्स के हाथ एशिया में ऑपरेट होने वाले दो बड़े डाटा सेंटर्स के लॉगिन से जुड़े डाटा हाथ लग गया है जिसमें शंघाई बेस्ड जीडीएस होल्डिंग लिमिटेड और सिंगापुर बेस्ड एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर्स शामिल है। रीसिक्योरिटी के मुताबिक जीडीएस होल्डिंग और एसटी टेलीमीडिया के 2000 कस्टमर्स इससे प्रभावित हुए हैं। जिन कंपनियों के डाटा लीक होने का मामला सामने आया है उसमें अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग, अमेजन डॉट कॉम, एप्पल, बीएमडब्ल्यु एजी, गोल्डमैन सैश ग्रुप, हुआवे टेक्नोलॉजीज, माइक्रोसॉफ्ट, वॉलमार्ट, भारती एयरटेल, ब्लूमबर्ग, फोर्ड मोटर्स, मास्टर कार्ड, मार्गन स्टैनले, पेपल होल्डिंग्स शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक हैकर्स ने पांच प्रभावित कंपनियों के अकाउंट में लॉगिन भी किया है। जीडीएस होल्डिंग के डाटा सेंटर्स में चीन के सेंट्रल बैंक की चाईना फॉरेन एक्सचेंज ट्रेड सिस्टम में हैकर्स ने लॉगिन किया है जो सरकार की फॉरेन एक्सचेंज और डेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को ऑपरेट करती है।

2047 तक बीमा इंश्योरेंस कंपनियों की अधिक जरूरत

मुंबई। वर्ष 2047 तक सभी का बीमा करने के लिए भारत को अधिक संख्या में बीमा कंपनियों, उत्पादों की व्यापक श्रृंखला और अधिक वितरण भागीदारों की जरूरत है। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन देवाशीष पांडा ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने यहां भारतीय निजी इक्विटी एवं उद्यम पूंजी संघ के वार्षिक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र को दो दशक पहले खोला गया था और बाजार बहुत बड़ा हो गया है लेकिन अभी भी इसमें तेज वृद्धि के लिए बहुत अधिक गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में इस क्षेत्र में हर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, फिर भी 2021 में बीमा प्रसार 4.2 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा बहुत कम है और इसे बढ़ाने की जरूरत है। पांडा ने कहा, ह्यह्यहमारा 1.4 अरब आबादी वाला विविधता से भरा देश है।

सेंसेक्स 60,800 के पार निफ्टी 17900 के करीब

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत हल्की तेजी के साथ हुई है। सेंसेक्स-निफ्टी में मंगलवार को ऊपरी दायरे में कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स की चाल धीरे-धीरे तेज हो रही है और ये ओपनिंग मिनटों में 60,800 के पार निकल गया है। निफ्टी की शुरूआत ही 17900 के पार जाकर हुई है। आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 78.89 अंकों की उछाल के बाद 60770. 43 पर खुला और एनएसई का निफ्टी 61। 2 अंकों की तेजी के साथ 17905 के लेवल पर खुला है। कल निफ्टी 17844. 60 के लेवल पर बंद हुआ था। आज के कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 30 शेयरों में से 19 शेयरों में तेजी दिखा रहा है। इसके अलावा निफ्टी के 50 में से 44 शेयरों में उछाल देखा जा रहा है और 6 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सेंसेक्स के जिन शेयरों में आज तेजी है उनमें एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एचयूएल, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एलएंडटी, एचडीएफसी, आईटीसी, सन फार्मा, एमएंडएम, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में उछाल देखा जा रहा है। निफ्टी के सबसे ज्यादा चढ़ने वाले शेयरों में अडानी पोर्ट्स, सिप्ला, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। सेंसेक्स के गिरने वाले शेयरों में नेस्ले, एचसीएल टेक, एसबीआई, मारुति सुजुकी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, विप्रो, टाइटन, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है।

देश के 277 शहरों में पहुंचा जियो ट्रू 5जी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो तेजी से 5जी सर्विस का जाल पूरे देश में बिछा रही है। कंपनी ने मंगलवार को 20 नए शहरों में जियो 5 जी सर्विस लॉन्च की है। जियो की 5जी कनेक्टिविटी से जुड़ने वाले शहरों की संख्या अब बढ़कर 277 हो गई है। कंपनी जियो 5जी से कनेक्ट होने वाले शहरों में फ्री 5जी सर्विस भी ऑफर कर रही है। आज जियो ट्रू 5 जी से जुड़ने वाले शहरों में असम के चार शहर बोंगईगांव, उत्तरी लखीमपुर, शिवसागर तथा तिनसुकिया, उत्तर प्रदेश के तीन शहर अयोध्या, फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर, बिहार के भागलपुर तथा कटिहार, झारखंड के बोकारो स्टील सिटी, देवघर और हजारीबाग शामिल हैं। इनके इलावा मोरमुगाओ (गोवा) में भी आज से जियो की ट्रू 5जी सेवाओं की शुरूआत हो गई है। रिलायंस जियो इनमें से ज्यादातर शहरों में 5जी सर्विस शुरू करने वाला पहला और एकमात्र ऑपरेटर बन गया है।

एयर इंडिया के रिकॉर्ड ऑर्डर से सुधरेगी देश की रैंकिंग

एजेंसी। नई दिल्ली

विमानन कंपनी एयर इंडिया को टाटा समूह के पास गए करीब एक साल हुए हैं और इस दौरान कंपनी में बदलाव दिखने लगे हैं। परिचालन में कई प्रकार के सुधार के बाद अब एयर इंडिया का स्केल बड़ा होने वाला है। कंपनी ने हाल ही में नए विमानों का एक रिकॉर्ड ऑर्डर दिया है। इस ऑर्डर से न सिर्फ एयर इंडिया के बेड़े में विमानों की संख्या कई गुना बढ़ जाने वाली है, बल्कि देश का फ्लीट साइज भी एक झटके में बड़ा हो जाने वाला है। अभी विमानों की संख्या के हिसाब से एयर इंडिया काफी पीछे है। कंपनी के पास महज 113 विमान हैं और इस हिसाब से वह दुनिया भर में 57वें स्थान पर है। टॉप पर 935 विमानों के साथ अमेरिकन एयरलाइंस है। बेड़े के साइज के आधार पर अभी टॉप-10 में एक भी भारतीय कंपनी नहीं है। फिलहाल भारतीय विमानन कंपनियों में सबसे ज्यादा 302 विमान इंडिगो के पास हैं और दुनिया भर में उसका स्थान 11वां है। अगर नए ऑर्डर के हिसाब से बात करें तो एयर इंडिया टॉप पर है। कंपनी ने हाल ही में 470 विमानों का ऑर्डर दिया है, जो अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इनमें से 250 विमानों का ऑर्डर एयरबस से किया गया है, जबकि 220 विमान बोइंग से ऑर्डर किए गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिकन एयरलाइंस के नाम था। इस कंपनी ने साल 2011 में 460 विमानों का ऑर्डर किया था। सबसे बड़े ऑर्डर के मामले में एक अन्य भारतीय कंपनी इंडिगो चौथे स्थान पर है। इंडिगो ने 2019 में 300 विमानों का ऑर्डर किया था।

गुणवत्ता वाले वास्तु डेयरी ने वास्तु गोल्ड घी लॉन्च किया

एजेंसी। नई दिल्ली

वास्तु प्रीमियम गोल्ड घी, जो दो किस्मों (गोल्ड प्रीमियम गाय घी और गोल्ड देशी घी) में बनाया गया है। यह सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले मक्खन से बना है और कंपनी में इस विश्वास का परिणाम है कि आप जो चाहते है वह खाते है। लॉन्चिंग के समय संस्थापक और अध्यक्ष श्री भूपत सुखाडिया ने कहा कि कंपनी अपने नए प्रीमियम उत्पादों द्वारा गुणवत्ता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के साथ एक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ₹घी की गुणवत्ता जिससे दूध से प्राप्त किया जाता है वह पशु की गुणवत्ता और स्वास्थ्य पर आधारित है। वास्तु गोल्ड प्रीमियम घी उन गायोंके दूध से बनाया जाता है जिन्हें प्यार से पाला जाता है और प्राकृतिक पौष्टिक चारा खिलाया जाता है। क्योंकि यह वैज्ञानिक साबित हुआ है कि अच्छे से पाला गया पशु पौष्टिक दूध देता हैं और यही कारण है कि यह वास्तु गोल्ड प्रीमियम घी दूसरों से अलग है। वास्तु डेयरी का प्रीमियम घी मवेशियों के दूध से बना है। मवेशियों को प्राकृतिक घास, मूंगफली, चना और बिनोला सहित विभिन्न प्रकार का चारा दिया जाता है,इस तरह कैल्शियम समेत पशुओं की पोषण संबंधी जरूरतों का ध्यान रखा जाता है। श्री सुखाडिया ने अधिक जानकारी देते हुए कहा है कि उत्पाद का यूएसपी न केवल गुणवत्ता वाले कच्चे माल (दूध) का स्रोत है बल्कि घी के उत्पादन में एक अनोखी और अलग-अलग प्रकार की प्रक्रिया है। हमारे प्रीमियम घी उत्पादन प्रक्रिया में कम से कम 3.5 घंटे धीमी गती की आंच से बनाने का समावेश है।

गिरावट **अडाणी कंपनियों का 100 अरब डॉलर नीचे लुढ़का**

136 अरब डॉलर का हुआ नुकसान

एजेंसी। नई दिल्ली

स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्टेड अडाणी समूह की कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 100 अरब डॉलर के नीचे जा लुढ़का है। 24 जनवरी, 2023 को अमेरिकी शार्ट सेलर हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी किया था उसके बाद से लगातार 18 ट्रेडिंग सेशन से अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है। ब्लूमबर्ग के रिपोर्ट के मुताबिक हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के सामने आने के बाद से अडाणी समूह की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 136 बिलियन डॉलर घट चुका है। और 18 दिनों के बाद भी समूह के कई कंपनियों के शेयर में लोअर सर्किट लगने का सिलसिला जारी है। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी समूह पर कंपनियों के शेयरों के भाव को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के सामने आने के बाद से ताश के पत्तों के समान अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के भाव गिर गए। समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी इंटरप्राइजेज जिसे अपना 20000 करोड़ रुपये का एफपीओ वापस लेना पड़ा था। अडाणी इंटरप्राइजेज का शेयर अपने हाई से 62 फीसदी नीचे आ चुका है। शेयर ने 4190 रुपये का हाई बनाया था जो अब 1594 रुपये पर कारोबार कर रहा है। हिंडनबर्ग के रिपोर्ट के सामने आने के बाद शेयर 1017 रुपये तक जा लुढ़का था। अडाणी टोटाल गैस के शेयर ने 4000 रुपये का हाई बनाया था लेकिन अब शेयर 877 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। यानि इस कंपनी के शेयर में 78 फीसदी तक की गिरावट आ चुकी है। अडाणी ट्रांसमिशन का शेयर 4237 रुपये के हाई तक गया था जो अब 831 रुपये पर लोअर सर्किट के साथ ट्रेड कर रहा है। अडाणी ट्रांसमिशन का शेयर 80 फीसदी हाई से नीचे आ चुका है। अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर 3050 रुपये के हाई तक गया था जो अब 567 रुपये पर कारोबार कर रहा है। यानि अपने हाई से शेयर 81 फीसदी नीचे आ चुका है। अडाणी विल्मर के शेयर ने लिस्टिंग के बाद 878 रुपये के हाई को छूआ था जो अब 430 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। ये शेयर अपने हाई से 51 फीसदी नीचे गिर चुका है। अडाणी पावर का शेयर 432 रुपये के हाई के बाद अब 60 फीसदी नीचे गिरकर 171 रुपये पर ट्रेड कर रहा है।

दो साल में नए घर चाहते हैं 44% भारतीय

नई दिल्ली। बड़ी संख्या में भारतीयों की अगले दो साल में नए घर में जाने की इच्छा है जबकि किराये पर रह रहे बड़ी संख्या में भारतीय अपना घर खरीदना चाहते हैं। एक वैश्विक सर्वेक्षण में भारतीयों की अपने घर के प्रति चाह खुलकर सामने आई है। संपत्ति सलाहकार सीबीआरई इंडिया ने एक सर्वे के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। ह्यह्यभारत की आवाजः भविष्य में लोग कैसे रहेंगे, किस तरह काम करेंगे और खरीदारी करेंगे" शीर्षक की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वे में शामिल 45 प्रतिशत भारतीय अगले दो वर्ष में नए घर में रहने जाने वाले हैं जिनमें से ज्यादातर किराये के बजाय अपना खुद का घर खरीदना चाहते हैं।

सर्वे में शामिल भारतीय जनरेशन जेड (18-25 वर्ष), लेट मिलेनियल (26-33 वर्ष), अर्ली मिलेनियल (34-41 वर्ष), जनरेशन एक्स (42-57 वर्ष) और बेबी बूमर्स (58 वर्ष से अधिक) आयुवर्ग से थे।

फर्टिलाइजर के दामों में की 14% तक की कमी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत की सबसे बड़ी उर्वरक निमार्ता कंपनी इफको या इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए अपने कई फर्टिलाइजर्स के दाम में कटौती करने का फैसला किया है। कंपनी ने अपने प्रोडक्ट्स के प्राइस में 14 फीसदी तक कमी करने जा रही है। हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के अधिकारी ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि यह फैसला दुनिया भर में खाने कमी और खेती के लिए फर्टिलाइजर के बढ़ते दाम को देखते हुए लिया गया है। आईएफएफसीओ के अधिकारी का कहना है कि इस फैसले से सबसे ज्यादा फायदा गरीब किसानों को मिलेगा। इससे उनकी खेती की लागत कम होगी। उर्वरकों को बनाने के लिए अब नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे उर्वरकों की लागत कम हो रही है, जिसका फायदा अब किसानों को मिलेगा। इससे देश में कृषि का उत्पादन बढ़ेगा और दुनियाभर में खाद्यान्न संबंधी परेशानियां दूर होगी। देश में खाद्य सुरक्षा को लागू रखने के लिए सरकार किसानों को फर्टिलाइजर के इस्तेमाल पर सब्सिडी देती है। कई उर्वरक बनाने वाली कंपनियों को सरकार 80 फीसदी तक की सब्सिडी का लाभ देती है जिससे उसका फायदा किसानों को मिलता है। आईएफएफसीओ के अधिकारी ने बताया है कि एक महत्वपूर्ण उर्वरक एनपीकेएस का प्राइस प्रति बैग 200 रुपये से लेकर 1200 रुपये तक कम हो गया है। इससे किसानों को खरीफ सीजन की खेती की लागत कमी का लाभ मिलेगा।

ज्ञान की बात

आर्तमन से द्रौपदी ने पुकारा, मेरा ऐसा अपमान, जैसा कभी किसी साधारण दासी का भी नही हुआ। शत्रुघाती मधुसूदन! सखा कृष्ण ! कहां हो तुम । मेरे पति मेरी रक्षा नहीं कर पा रहे हैं । समर्थ होकर भी वे धर्म के रूप में अधर्म के बंधन में बंधे हैं। स्वयं अपनी मयार्दा से बंधे वे असमर्थ हैं। तुम समर्थ हो कृष्ण । तुम धर्म के मर्मज्ञ हो कृष्ण । तुम जानते हो यह धर्म नहीं है। इनका नाश करो कृष्ण। मेरी रक्षा करो!

- ठाकुरजी

गजराज व मानव

झारखंड के लोहरदगा में हाथियों ने चार लोगों को पटक कर मार दिया है। गजराज के गुस्से का शिकार राज्य के कई हिस्सों में जारी है। देखा जाये तो हाथी और इंसान का टकराव काफी हद तक बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के जंगली इलाकों पर यह बार-बार हो रहा है। एकाएक किसी भी समय हाथी आकर हमला बोल देते हैं। वन विभाग और प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी यह रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इस संदर्भ में देखा जाये तो वनों पर पहला अधिकार वन्य जीवों का है। उनके क्षेत्र में मानव बस्ती का बसाया जाना खतरनाक है। यही कारण है कि टकराव के मामले बढ़ रहे हैं। अतिक्रमण और मानव का अनावश्यक हस्तक्षेप के कारण गजराज का गुस्सा सांतवे आसमान पर है। इटकी,हजारीबाग,लातेहार में ऐसी कई घटनायें घट चुकी हैं। हाथियों के हमले में लोगों की जान जाने के मामले में देखा जाये तो विकास के नाम पर जंगलों के अंदर विनाश का होना है। हाथियों का भोजन बर्बाद हो रहा है। दूसरी तरफ नदियों के प्रदूषण की वजह से पानी की किल्लत काफी हो गयी है। ऐसी स्थिति में हाथी के सामने अपने अस्तित्व की लड़ाई जारी है। यही कारण है कि हमारे साथी हाथी हम सब से नाराज हैं। ऐसे में हमलों को रोकने के लिए मानव को मानवीय पहल करने की जरूरत है। गजराज के गुस्से का आलम यह है कि सोमवार को जंगल की ओर से अपने झुंड से भटक कर हाथी बीते दिनों लोहरदगा आ गये। सुबह कुहासा होने के कारण ग्रामीण हाथी को देख नहीं पाये और असमय चार लोग मौत के गाल में समा गये। घटना के बाद से गांव में दहशत फैला हुआ है। सभी मृतक भंडरा थाना अंतर्गत कसपुर लड़ाई टोंगरी के रहनेवाले हैं। घटना इतनी तेजी से घटी कि गांव वालों को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना के बाद से गांव वाले अपने घरों में दुबके हुए हैं। इधर जिला वन विभाग पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वनकर्मी, फॉरेस्टर सहित भंडरा प्रखंड अंचल अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बहरहाल गजराज के गुस्से और हमले को रोकने के लिए जंगलों की कटाई और मानव बसावट को रोकना होगा। साथ ही इनके भोजन और पानी की मुकम्मल व्यवस्था करनी होगी। ऐसा नहीं होने पर आने वाले दिनों में स्थिति और विस्फोटक होने की संभावना है। यह बात भी जानना जरूरी है कि कोई भी वन्य जीव किसी को ऐसे ही नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। उन्हें अगर छेड़ा गया तो वह हमलावर होगें ही। कहने का तात्पर्य यह कि उनके घरों में मानव हस्तक्षेप बंद होने चाहिए। साथ ही उनके स्वभाव के अनुरूप इंसान को व्यवहार करना ही पड़ेगा। ऐसा नहीं होने पर गजराज के गुस्से का सामना हर समय करना पड़ेगा। अच्छा होता वन विभाग अलग से एक हाथी अभयारण्य बना देता।

सोमवार को जंगल की ओर से अपने झुंड से भटक कर हाथी बीते दिनों लोहरदगा आ गये। सुबह कुहासा होने के कारण ग्रामीण हाथी को देख नहीं पाये और असमय चार लोग मौत के गाल में समा गये।

विकसित देशों में मुद्रा स्फीति की बनी समस्या



प्रहलाद सबनानी

कोरोनाकाल के बाद से कई देशों की अर्थव्यवस्था में मुद्रा स्फीति की समस्या विकराल रूप धारण करते हुए पिछले 40 से 50 वर्षों के अधिकतम स्तर पर पहुंच गई है। मुद्रा स्फीति की समस्या को हल करने के लिए इन देशों की केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा करते जा रहे हैं। ब्याज दरों में वृद्धि इस उद्देश्य से की जा रही है ताकि इन देशों के नागरिक बैकों से ऋण लेने के लिए निरुत्साहित हो तथा वे अपनी बचतों को बैकों में जमा करने को प्रोत्साहित हो। इससे इन देशों के नागरिकों की खर्च करने की क्षमता कम होकर बाजार में उत्पादों की मांग कम हो जाय। बाजार में उत्पादों की मांग में कमी के चलते, इन उत्पादों की उपलब्धता, मांग की तुलना में, बाजार में बढ़ जायेगी जिससे इन उत्पादों की कीमतों में कमी होकर अंततः मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग जायेगा। मगर इन उपायों से मुद्रा स्फीति पर तेजी से अंकुश लगता दिखाई नहीं दे रहा है। परंतु, इन देशों, विशेष रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे विकसित देशों में केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि के कारण कई उत्पाद महंगे जरूर हो रहे हैं, क्योंकि ब्याज लागत के लगातार बढ़ते जाने से इन कम्पनियों की औसत उत्पादन लागत में वृद्धि हो रही है। इससे इन कम्पनियों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। अब इन कम्पनियों ने अपनी लाभप्रदता को बनाये रखने के लिए, अमानवीय पूंजीवादी नीतियों को अपनाते हुए कर्मचारियों की छंटनी का आसान तरीका अपना लिया है। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की कई कम्पनियों ने नवम्बर 2022 के बाद से लगभग 2 लाख कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। विशेष रूप से अमेरिका की बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भी कर्मचारियों की छंटनी करने सम्बंधी घोषणाएं की हैं। जैसे, गूगल की मातृ संस्था अल्फाबेट ने 12,000 इंजीनियरों की छंटनी की घोषणा की है। माइक्रोसाफ्ट की 10,000 इंजीनियरों (कम्पनी में कार्यरत कुल इंजिनीयरों की संख्या का 5 प्रतिशत) की छंटनी करने की योजना है। इसी प्रकार, एमेजोन द्वारा 18,000, फेसबुक की मातृ संस्था मेटा द्वारा 11,000 (कुल कर्मचारियों की संख्या का 13 प्रतिशत), ट्विटर द्वारा 7,500 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बनाई गई है। कई कम्पनियों द्वारा तो भारी मात्रा में इंजीनियरों एवं कर्मचारियों की छंटनी की भी जा चुकी है। इस प्रकार विकसित देशों द्वारा पूंजीवादी अर्थव्यवस्था से सबंधित उपायों को अपनाते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने हेतु ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि का उपाय भी भयावह अमानवीय परिणाम देता हुआ दिखाई दे रहा है। इनमें से कई कम्पनियों की छंटनी का सबसे अधिक असर अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय इंजीनियरों पर पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। एक अनुमान के अनुसार, अमेरिका में होने वाली इंजीनीयरों की कुल छंटनी की संख्या में से 30 से 40 प्रतिशत भारतीय हैं। विशेष रूप से एचवनबी वीजा प्राप्त भारतीय इंजिनीयरों पर कुछ अधिक प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। इन इंजीनियरों को इनकी छंटनी की स्थिति में 60 दिनों के अंदर अमेरिका में ही अन्य रोजगार प्राप्त करना आवश्यक होगा अन्यथा अगले 10 दिनों में उन्हें अमेरिका छोड़कर किसी अन्य देश में जाना होगा। इन इंजीनियरों के छोटे छोटे बच्चे अमेरिकी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उनकी शिक्षा किस प्रकार प्रभावित होने जा रही है, यह हम केवल सोच ही सकते हैं। अतः इन विशेष परिस्थितियों के बीच निर्मित हुई उक्त समस्या का हल भारत सरकार एवं अमेरिकी सरकार द्वारा मिलकर सोचा जाना चाहिए। विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के इंजीनियरों के लिए यह पल एक तरह से इम्तिहान के पल जैसे साबित हो रहे हैं। यह वर्ग अभी तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण योगदान देता आया है। अमेरिकी सरकार का भी अब कर्तव्य बनता है कि आड़े वक्त में इन इंजीनियरों को नया रोजगार प्राप्त करने में मदद करे अथवा नया रोजगार प्राप्त करने सम्बंधी 60 दिवस की सीमा को खत्म कर दे। यदि अमेरिका इस सम्बंध में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है तो इतनी बड़ी संख्या में प्रशिक्षित इंजीनियरों को वह खो देगा एवं दीर्घअवधि में अमेरिका के लिए यह घाटे का सौदा साबित होगा। हालांकि भारत सरकार यदि चाहे तो अमेरिका में छंटनी का शिकार हो रहे इंजीनियरों को भारत में ही नया रोजगार प्राप्त प्रदान करने सम्बंधी योजना पर भी विचार किया जा सकता है। इंजीनियरों का यह वर्ग उच्च शिक्षा प्राप्त एवं प्रशिक्षित वर्ग है। अमेरिका से भारत में वापस लौटने वाले इंजीनियरों को 'रिवर्स ब्रेन ड्रेन' की संज्ञा भी दी जा सकती है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह लाभकारी सिद्ध होगा। भारत में आर्थिक विकास की दर लगातार तेज हो रही है अतः भारत में प्रशिक्षित इंजीनियरों की मांग भी बनी हुई है।

नवम्बर 2022 के बाद से लगभग 2 लाख कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। विशेष रूप से अमेरिका की बड़ी बड़ी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भी कर्मचारियों की छंटनी करने सम्बंधी घोषणाएं की हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान श्री कृष्ण की कथा

इतना बोलकर वो गायब हो गयी। कंस बहुत भयभीत हुआ क्योंकि उसका काल जन्म लेकर उसके चंगुल से बच गया था। अब कंस श्री कृष्ण को मारने के लिए परेशान रहने लगा। तब उसने पूतना नामक रासाक्षी को श्री कृष्ण को मारने के लिए भेजा।पूतना ने एक सुंदर स्त्री का रूप धारण किया और श्री कृष्ण को अपने जहरीले स्तन से दूध पिलाने के लिए वृन्दावन गयी। श्री कृष्ण ने दूध पीते समय पूतना के स्तन को काट लिया। काटते ही पूतना अपने असली रूप में आ गयी और उसकी मृत्यु हो गयी। जब इस बात की सूचना कंस को मिली तो वो उदास एवं चिंतित हो गया। कुछ समय बाद ही उसने एक दूसरे राक्षस को श्री कृष्ण को मारने के लिए भेजा। वो राक्षस बगुले का रूप लेकर श्री कृष्ण को मारने के लिए झपटा तुरंत श्री कृष्ण ने उसको पकड़ कर फेंक दिया। जिसके बाद वह राक्षस सीधे नरक में जा गिरा। तभी से उस राक्षस का नाम वकासुर पड़ गया। उसके बाद कंस ने कालिया नाग को भेजा। तब श्री कृष्ण ने उससे लड़ाई की और बाद में वो नाग के सर पर बाँसुरी बजाते हुए नृत्य करने लगे थे। तत्पश्चात वहाँ से कालिया नाग चला गया। इसी प्रकार श्री कृष्ण ने कंस के अनेकों राक्षसों का वध किया। जब कंस को लगा कि अब राक्षसों से ये नही हो पायेगा। तब कंस खुद ही श्री कृष्ण को मारने के लिये निकल पड़ा। दोनों में युद्ध हुआ और श्री कृष्ण ने कंस का वध कर दिया। श्री कृष्ण गोकुल में गोपियों के साथ रास लीला रचाते हुए और अपनी बांसुरी बजाते थे।

(क्रमशः)

असंख्य लोगों की घरवापसी के अग्रदूत

रमेश शर्मा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में हमें चार प्रकार के संघर्ष पढ़ने को मिलते हैं। एक स्वत्व और स्वाभिमान का संघर्ष, दूसरा समाज उत्थान के लिये संघर्ष, तीसरा पराधीनता से मुक्ति या सत्ता में सहभागिता के लिए संघर्ष और चौथा राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष और बलिदान। स्वामी श्रृद्धानंद उन बलिदानियों में अग्रणी हैं जिन्होंने तीन प्रकार का संघर्ष किया। स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का संघर्ष, समाज उत्थान का संघर्ष एवं राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए संघर्ष। इसी राह में उनका जीवन समर्पित रहा और इसी राह पर उनके प्राणों का बलिदान हुआ । स्वामी श्रद्धानंद का जन्म 22 फरवरी, 1856 जालंधर में हुआ था । उनके पिता उत्तर प्रदेश में पुलिस में अधिकारी थे । पिता स्वामी दयानंद सरस्वती के संपर्क में आ गये थे । इस नाते उनके घर का वातावरण शुद्ध वैदिक सनातनी था। पिता नानक राम विंज ने अंग्रेजों द्वारा 1857 का दमन उन्होंने अपनी आंखों से देखा था । इससे उनके मन में अंग्रेजों और अंग्रेजी राज्य के प्रति घृणा का भाव आ गया था । वे इसके लिए भारतीयों में आत्मबोध संगठन और दूरदर्शिता का अभाव मानते थे । वे चाहते थे कि उनका बालक बड़ा होकर भारतीय परंपराओं के अनुरूप ढले। उन्होंने अपने बालक का नाम मुंशीराम विज रखा। पुलिस अधिकारी पिता नानक राम विंज की मानसिकता से तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारी अवगत थे। इसलिए उनके बार-बार स्थानांतरण हुए। इस कारण बालक मुंशीराम की आरंभिक सारी पढ़ाई उत्तर प्रदेश और पंजाब के विभिन्न नगरों में हुई। मुंशी राम विंज अलग-अलग नगरों के अलग-अलग मनोविज्ञान से अवगत होते गए और उनके मन में भारतीय जनों की दुर्दशा का दर्द पनपता गया । समय के साथ उन्होंने वकालत पास की । वे चाहते तो वकालत से अपना भविष्य बना सकते थे । पर पिता के प्रोत्साहन के बाद भारत को समझने के लिये हिन्दी-अंग्रेजी, संस्कृत तथा उर्दू भाषा का आधिकारिक ज्ञान भी प्राप्त किया । उनकी यह विशेषता थी कि जब वे जिस भाषा में लिखते या बोलते थे तो केवल उसी भाषा के शब्द उपयोग करते थे । किसी और भाषा का कोई शब्द उपयोग नहीं करते थे। समय के साथ विवाह हुआ। उनकी पत्नी का नाम शिवादेवी था। एक दिन पिता अपने युवा पुत्र मुंशी राम को स्वामी दयानंद सरस्वती के प्रवचन सुनने के लिए साथ ले गये। प्रवचन में तर्क सहित भारतीय वैदिक परंपरा सुनकर युवा वकील मुंशीराम बहुत प्रभावित हुए और आर्य समाज से जुड़ गये। यद्यपि उन्होंने अभी संन्यास नहीं लिया था पर स्वामी दयानंद सरस्वती ने उन्हें श्रद्धानंद नाम दिया। इसके साथ जालंधर में आर्य समाज के जिला अध्यक्ष का भी दायित्व मिला। 1891 में पत्नी शिवादेवी का निधन हो गया। उन दिनों उनकी आयु 35 वर्ष थी । दो पुत्र थे। परिवार ने दूसरा विवाह करने का प्रस्ताव किया पर वे न माने और अपना पूरा जीवन राष्ट्र और संस्कृति को समर्पित करने के संकल्प के साथ उन्होंने विधिवत संन्यास ले लिया और स्वामी दयानन्द द्वारा दिये गये नाम को ही अपनी पहचान बनाया । अब उनके जीवन, चिंतन और लेखन की दिशा बदल गई। उन्होंने समाज सेवा, वैदिक संस्कृति के प्रचार, कुरीतियों के निवारण और समाज में फैली भ्रांतियों के निवारण का अभियान चलाया। अनेक शिक्षा संस्थान स्थापित किये। उन्होंने 1901 में गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना हरिद्वार में की । यह उस समय की बात है जब गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष कर रहे थे। गांधी जी को अपने संघर्ष के लिए अथार्भाव हो रहा है। स्वामी श्रृद्धानंद ने गुरुकुल में पढ़ रहे अपने विद्यार्थी परिवारों से धन संग्रह किया पन्द्रह सौ रुपया गांधी जी को भेजा । अपने इतने सभी कार्यों के साथ वे स्वाधीनता संग्राम में भी सक्रिय हिस्सा लेने लगे। वे कांग्रेस के सदस्य बने और संन्यासी वेष में ही कांग्रेस के अधिवेशनों में भाग लेते रहे। स्वामी श्रृद्धानंद कांग्रेस में कितने महत्वपूर्ण थे इसका संकेत इस बात से मिलता है कि 1919 में कांग्रेस के 34 वें अधिवेशन में वे स्वागत अध्यक्ष थे। उन्होंने अपना स्वागत भाषण हिन्दी में दिया था। उन्होंने पूरे देश में सामाजिक समरता का अभियान चलाया । यह अभियान हिन्दू समाज में कुरीतियों के निवारण, जाति भेद समाप्त करने तक ही सीमित न था। वे हिन्दू और मुसलमानों के बीच भी समरस वातावरण बनाना चाहते थे। उनका तर्क था कि भारत में निवासरत मुसलमानों के पूर्वज भी वैदिक आर्य हैं। इसके लिए उन्होंने मुस्लिम समाज में अनेक सभायें की और समझाया कि पूजा पद्धति बदलने से पूर्वज नहीं बदलते। लोग अपने पंथ में अपनी पद्धति से जियें पर यह ध्यान रखें कि पूजा उपासना पद्धति के बदलाव से संस्कृति और राष्ट्र के क्षय नहीं होना चाहिए।

वर्ष 2023 के लिए अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की थीम है 'बहुभाषी शिक्षा : शिक्षा को बदलने की आवश्यकता'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।

हमारा समाज

फोटो की दुनिया

ट्वीट-ट्वीट

Deepak Prakash @dpr... · 13h
झारखंड में अघोषित आपातकाल!

झारखंड की मूलवासी-आदिवासी बच्चियों को भी नहीं छोड़ रही हेमंत सरकार की लाठी.

क्या हेमंत सरकार में अपने हक और अधिकार के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन करना भी गुनाह है ?

घोर निंदनीय कुकृत, इसका जवाब रामगढ़ की जनता जल्द देगी और हेमंत सरकार के घमंड को तोड़ेगी.

फेसबुक वॉल से

मध्य प्रदेश में सिंचाई सिस्टम के बेहतर होने के मायने

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

केंद्रीय सिंचाई एवं ऊर्जा ब्यूरो ने मध्य प्रदेश को सीबीआईपी अवार्ड प्रदान किया है। मध्य प्रदेश को सिंचाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उत्कृष्ट राज्य के रूप में चुना गया है। राज्य ने अपनी 15 वर्षों में सिंचाई क्षमता को सात लाख हेक्टेयर से बढ़ा कर 45 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया है। विगत तीन वर्षों में मध्य प्रदेश पाइप प्रणाली के माध्यम से अधिकतम क्षेत्र में सिंचाई करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। निश्चित ही यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह इसलिए कहा जा रहा है कि यहां सरकारें तो अब तक अनेक आती-जाती रहीं, लेकिन राज्य को खासकर किसानी के क्षेत्र में कैसे आत्मनिर्भर एवं लाभ का बनाया जा सकता है इसके लिए बहुत सार्थक प्रयास नहीं किये गये थे। यदि पिछली सरकारों में ये हुए होते तो बीमारू राज्य का टैग कभी मध्य प्रदेश के साथ नहीं लगता। कोई कितनी भी राजनीतिक तौर पर आलोचना कर ले, लेकिन मन से यह तो स्वीकारना ही होगा कि राज्य में हर क्षेत्र में विकास के नये-नये आयाम दिखाई दे रहे हैं, वह इसलिए ही है क्योंकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लम्बे समय से है। मोदी सरकार का भी धन्यवाद है कि 2014 से केंद्र में आने के बाद से पिछले आठ सालों में लगातार उसने मध्य प्रदेश के विकास को ध्यान में रखा है, योजनाएं बनाते समय उसकी जमीनी आवश्यकताओं पर पूरा ध्यान दिया है। वस्तुतः जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों के लिए जल-संसाधनों के अधिकतम उपयोग में मध्य प्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला है। यह सभी के संयुक्त भगीरथी प्रयासों का संयुक्त परिणाम है, तब एक लीडर के रूप में उनकी कही हुई बातें बहुत स्पष्ट कर देती हैं कि जो भी प्रदेश में विकास हो रहा है, वह पूरी तरह से योजनामय एवं सभी की बराबरी से सहभागिता निभाने के कारण से संभव हुआ है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश की ग्रामीण आबादी के लिए ''राष्ट्रीय जल जीवन मिशन'' ऐसा वरदान है जो उनकी पेयजल की कठिनाइयों को पूरी तरह दूर कर देता है। लेकिन इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशेष रुचि लेना इसे मध्य प्रदेश में कहना होगा अवश्य महत्व का बना देता है। प्रदेश की करीब सवा पांच करोड़ ग्रामीण आबादी के लिए उन्होंने जल जीवन मिशन में तत्काल कार्य प्रारंभ करवाये हैं। भूलना न होगा कि जब जून 2020 में ''राष्ट्रीय जल जीवन मिशन'' के कार्य प्रारंभ हुए तो देश के साथ मध्य प्रदेश भी कोविड-19 के लॉकडाउन से गुजर रहा था। कोविड-19 और दो वर्षा काल के बाबजूद 20 लाख की आबादी से अधिक तक जल सुविधा पहुंचाने का वार्षिक लक्ष्य वाले 12 बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश ने अपना प्रमुख स्थान लगातार बनाये रखा है। निश्चित ही यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसका सुखद परिणाम यह है कि अभी हाल ही में बुरहानपुर को देश का शत-प्रतिशत ''हर घर जल'' सर्टिफाइड जिला होने का प्रथम पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्राप्त करने में सफल रहा है। आज के आंकड़े देखें तो प्रदेश के छह हजार 800 से अधिक ग्राम शत-प्रतिशत ''हर घर जल'' युक्त हो चुके हैं, इनमें से केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सर्वाधिक सर्टिफाइड घोषित ग्रामों की संख्या मध्य प्रदेश की है। अब तक प्रदेश के 53 लाख 97 हजार 911 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। प्रदेश के करीब एक करोड़ 20 लाख लक्षित ग्रामीण परिवारों में से शेष रहे परिवारों को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित वर्ष 2024 की समय-सीमा में नल कनेक्शन से जल पहुंचाना है। यह तो हुई हर घर जल पहुंचाने की बात। इसी तरह आप देखें कि राज्य सरकार को लगातार सातवीं बार 'कृषि कर्मण अवार्ड' के अतिरिक्त कृषि अधोसंरचना निधि के सर्वाधिक उपयोग के लिये 'बेस्ट फरफॉर्मिंग स्टेट', मिलेट मिशन योजना में 'बेस्ट इमर्जिंग स्टेट' और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 'एक्सीलेंस अवार्ड' प्राप्त हुआ। फसल बीमा योजना का ज्यादा से ज्यादा किसान लाभ ले सकें और इसमें अपनी विभिन्न फसलों का बीमा कराने के लिए सरकार ने अधिसूचित फसल क्षेत्र का मापदंड 100 हेक्टेयर के स्थान पर 50 हेक्टेयर किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के चार हजार रुपये मिला कर प्रदेश के लाखों किसानों को 10 हजार रुपये की सालाना मदद की जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं में अकल्पनीय विस्तार हुआ है। आज प्रदेश में सिंचित क्षेत्र का रकबा लगभग 45 लाख हेक्टेयर तक पहुंच चुका है।

''राष्ट्रीय जल जीवन मिशन'' ऐसा वरदान है जो उनकी पेयजल की कठिनाइयों को दूर कर देता है। लेकिन इसमें शिवराज सिंह चौहान की रुचि लेना इसे मध्य प्रदेश में कहना होगा अवश्य महत्व का बना देता है।

राज्य की बात

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

डिजिटल मार्केटिंग एडब्ल्यूएस में बनाएं कॅरियर

वर्तमान समय में देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अमेजन वेब सर्विस (एडब्ल्यूएस) का इस्तेमाल कर रही हैं। अगर आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं तो आपका किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट होना जरूरी है। एडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हासिल कर आप इस क्षेत्र में शानदार कॅरियर के साथ आकर्षक सैलरी भी पा सकते हैं।

किसी भी व्यक्ति या कंपनी को अपना बिजनेस शुरू करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। इंटरनेट की मदद से किए गए बिजनेस को डिजिटल मार्केटिंग कहते हैं। एडब्ल्यूएस यानि की अमेजन वेब सर्विस ये सेवाएं मौजूदा समय में बिजनेस ऑनर्स को दे रही है। बता दें कि यह ऑनलाइन क्लाउड कंम्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। यह अपने कस्टमर या कंपनियों को सर्वर्स, स्टोरेज, नेटवर्किंग रिमोट कम्प्यूटिंग, ईमेल, मोबाइल डेवलपमेंट और सिक्यूरिटी उपलब्ध कराता है। क्लाउड इन सुविधाओं के बदले NDS कंपनियों से शुल्क लेता है। वर्तमान समय में अमेजन वेब सर्विस का इस्तेमाल देश विदेश की 60 प्रतिशत से अधिक कंपनियों में किया जा रहा है। इसलिए उम्मीद है कि आने वाले समय में NDS सेक्टर में देश विदेश की हजारों बिजनेस कंपनियों द्वारा करीब 2 करोड़ नौकरियां निकलेंगी। ऐसे में अगर आपके पास भी एडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट है तो आप भी किसी भी कंपनी का डेटा रिमोट के जरिए मैनेज कर सकते हैं। इस काम में आप आकर्षक सैलरी भी हासिल कर सकते हैं।

एडब्ल्यूएस के 4 मेन सर्टिफिकेट

यह Cloud Practioner कोर्स NDS सेक्टर में आपको पूरी बेसिक समझ प्रदान करता है। जैसे इलास्टिक कम्प्यूट क्लाउड, एस3 बकेट, एडब्ल्यूएस क्लाउड फार्मेशन, क्लाउड फ्रंट, इलास्टिक बीन स्टाक आदि। Associate कोर्स में आपको एडब्ल्यूएस ईसीटू, नेटवर्किंग, स्टोरेज सर्विसेज, आईएएम सेवाओं, क्लाउड वॉच, अलर्ट और अलॉर्म के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है।

Professional: इस प्रकार के सर्टिफिकेट के लिए आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें दो 2 तरह का सर्टिफिकेट होता है। जिसमें एक सॉल्यूशन आर्किटेक और दूसरा डेवॉप्स इंजीनियर।

Speciality: इस सर्टिफिकेट के लिए भी आपको 3 साल के एक्सपीरियंस की जरूरत होती है। इसमें भी आपको Professional की तरह दो तरह के सर्टिफिकेट मिलते हैं। जिनमें से एक एडवांस मार्केटिंग और मशीन लर्निंग होता है।

सैलरी

एडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद आपको एक फ्रेशर के तौर पर 70 से 90 हजार रुपए प्रतिमाग की आकर्षक सैलरी मिलती है। वहीं इस क्षेत्र में अनुभव रखने वाले लोगों और एडब्ल्यूएस एक्सपर्ट को 1,35000 से 1,66000 रुपये तक सैलरी मिलती है।

❖ अनन्या मिश्रा

मास्टर डिजिटल मार्केटिंग कोर्स

- एडवांस्ड मॉड्यूल्स के साथ 3 महीने की On Job Training दी जाती है।
- एंटरप्रेन्योरशिप, ग्राफिक डिजाइन, स्पोकन इंग्लिश जैसी स्किल्स के डेवलप किया जाता है।
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, मार्केटिंग और ईमेल मार्केटिंग के बेसिक बताए और सिखाए जाते हैं।
- गूगल फेसबुक और डिजिटल मार्केटिंग के 40+ टूल्स की तैयारी करना सिखाया जाता है।
- इंडस्ट्री के बेस्ट एक्सपर्ट की मास्टर क्लास से भी युवाओं को सीखने का मौका दिया जाता है।
- इस इंडस्ट्री में सफलता के लिए ऑफिस आकर इंटर्नशिप करने का अवसर
- एक्सपर्ट्स की देखरेख में इंटरव्यू की तैयारी और मॉक टेस्ट की तैयारी

सौर ऊर्जा से अपशिष्ट कंक्रीट के रीसाइक्लिंग की नई तकनीक

हीटिंग के लिए संकेंद्रित सौर ऊर्जा का उपयोग होता है, जिसकी मदद से कंक्रीट कचरे को रिसाइकिल किया जाता है। इस प्रकार, उच्च गुणवत्ता युक्त पुनर्चक्रित सामग्री प्राप्त होती है, जो कंक्रीट में उपयोग होने वाले पत्थर की गिट्टियों और रेत की जगह ले सकती है। कंक्रीट एक ऐसी सामग्री है, जिसका उपयोग दुनियाभर में निर्माण कार्यों में होता है। कंक्रीट सामग्री की माँग को पूरा करने के लिए वर्तमान में व्यापक उत्खनन और खनन किया जाता है, जिससे पर्यावरणीय क्षति के साथ-साथ प्राथमिक खनिज संसाधनों की कमी हो रही है। कंक्रीट में उपयोग होने वाले रेत के खनन से भी नदियों को पारीस्थितिक तंत्र को नुकसान पहुँचता है। इसीलिए, वर्तमान समय में निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री का पुनर्चक्रण और इसके लिए प्रभावी विकल्प खोजा जाना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं ने निर्माण और तोड़-फोड़ से पैदा होने वाले मलबे को रिसाइकिल करने के लिए सौर तापीय ऊर्जा से युक्त उपचार प्रक्रिया विकसित की है। इसमें सौर विकिरण के उपयोग से शोधकताओं को अपशिष्ट कंक्रीट को गर्म करके पुनर्चक्रित कंक्रीट उत्पाद में रूपांतरित करने में सफलता मिली है। इस तरह प्राप्त पुनर्चक्रित कंक्रीट की गुणवत्ता को यांत्रिक क्रशिंग से प्राप्त सामग्री की तुलना में अधिक गुणवत्तापूर्ण बताया जा रहा है। शोधकर्ताओ का कहना है कि इस तकनीक से बनाया गया कंक्रीट विशिष्ट संरचनात्मक अनुप्रयोगों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है।

यह परीक्षण राजस्थान में ब्रह्माकुमारीज संगठन के मुख्यालय में स्थित 'इंडिया वन सोलर थर्मल पावर प्लांट' में किया गया है। उच्च दबाव पर उत्पन्न भाप का उपयोग कर-के बिजली का उत्पादन करने के लिए इसमें 770 सौर संकेन्द्रक हैं। संयंत्र 2017 से चालू है और लगभग 25,000 लोगों के समुदाय को उचित लागत और कम रखरखाव पर बिजली प्रदान करता है। अपशिष्ट कंक्रीट के उपचार के लिए पूर्ण पैमाने पर परीक्षणों में दो संकेन्द्रक का उपयोग किया गया है। हीटिंग के लिए संकेंद्रित सौर ऊर्जा का उपयोग होता है, जिसकी मदद से कंक्रीट कचरे को रिसाइकिल किया जाता है। इस प्रकार, उच्च गुणवत्ता युक्त पुनर्चक्रित सामग्री प्राप्त होती है, जो कंक्रीट में उपयोग होने वाले पत्थर की गिट्टियों और रेत की जगह ले सकती है। इस अध्ययन में, तोड़-फोड़ वाले स्थलों से प्राप्त कंक्रीट अपशिष्ट को संकेंद्रित सौर विकिरण का उपयोग करके 550 डिग्री सेल्सियस से अधिक तक गर्म किया गया है। सौर विकिरण को बड़े परावर्तकों और कास्ट आयरन से बने रिसीवर्स के माध्यम से संकेद्रित किया गया है। मोटी और महीन निर्माण सामग्री प्राप्त करने के लिए यांत्रिक रूप से इसे साफ किया जाता है। आईआईटी मद्रास के शोधकर्ता प्रोफेसर रवींद्र गेट्टू बताते हैं कि 'इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य यह दिखाना था कि सौर विकिरण का उपयोग इस तरह के कार्यों में कैसे किया जा सकता है। यह अध्ययन बड़े पैमाने पर अपशिष्ट कंक्रीट के रीसाइक्लिंग का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह अपशिष्ट कंक्रीट के रीसाइक्लिंग में संकेंद्रित सौर ऊर्जा के प्रभावी उपयोग को भी दशार्ता है। इससे निर्माण और तोड़-फोड़ से निकले अपशिष्ट के प्रसंस्करण में लगने वाली ऊर्जा की खपत कम करने में भी मदद मिलेगी।' प्रोफेसर रवींद्र गेट्टू के साथ इस अध्ययन के शोधकताओं में रोहित प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, बीके जयसिम्हा राठौड़ और शामिल हैं। यह अध्ययन शोध पत्रिका मैटेरियल्स ऐंड स्ट्रक्चर्स में प्रकाशित किया गया है।

भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए होगी टूरिस्ट सर्किट की पहचान

भारत में आयुर्वेद व पारंपरिक चिकित्सा मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय साथ एक समझौता किया है। केंद्र सरकार के दो मंत्रालयो के बीच यह समझौता आयुर्वेद और चिकित्सा की विभिन्न पारंपरिक प्रणालियों में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए एक साथ काम करने को लेकर है।

भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए होगी टूरिस्ट सर्किट की पहचाननई दिल्ली, 23 जनवरी (आईएएनएस)। भारत में आयुर्वेद व पारंपरिक चिकित्सा मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसी को देखते हुए केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय साथ एक समझौता किया है। केंद्र सरकार के दो मंत्रालयो के बीच यह समझौता आयुर्वेद और चिकित्सा की विभिन्न पारंपरिक प्रणालियों में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए एक साथ काम करने को लेकर है।

आयुष मंत्रालय के मुताबिक हाल के वर्षों में भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है। ग्लोबल वेलनेस इंस्टीट्यूट (जीडब्ल्यूआई) की रिपोर्ट द ग्लोबल वेलनेस इकोनॉमी, लुकिंग बियॉन्ड कोविड के अनुसार, ग्लोबल वेलनेस इकोनॉमी सालाना 9.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। आयुष आधारित हेल्थकेयर और वेलनेस अर्थव्यवस्था के 2025 तक 70 बिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

समझौते के अनुसार, आयुष मंत्रालय आईटीडीसी के अधिकारियों को आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य पारंपरिक प्रणालियों में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह पर्यटक सर्किट की पहचान करेगा, जहां आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य पारंपरिक प्रणालियों में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने की अपार गुंजाइश है और आईटीडीसी को समय-समय पर सभी तकनीकी जानकारी प्रदान करेगा।

आयुष मंत्रालय के सुझाव पर आईटीडीसी नॉलेज टूरिज्म के तहत पर्यटन स्थलों में भारतीय चिकित्सा पद्धति के ऐतिहासिक विरासत स्थलों को शामिल करेगा और पर्यटकों के लिए उपयोगी फिल्म, साहित्य विकसित कर सकता है। यह आईटीडीसी द्वारा संचालित होटलों में आयुर्वेद और योग केंद्र की स्थापना का पता लगाएगा और सहयोग से संवेदीकरण कार्यशालाओं का आयोजन करेगा।

समझौता ज्ञापन के कार्यान्वयन और प्रगति की निगरानी एक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) द्वारा की जाएगी, जिसकी सह-अध्यक्षता आयुष मंत्रालय और आईटीडीसी के प्रतिनिधि करेंगे। जेडब्ल्यूजी मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड आदि द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम तौर-तरीकों की भी पहचान करेगा, ताकि खुद को मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में प्रचारित किया जा सके।

केरल के तिरुवनंतपुरम में भारत की अध्यक्षता में जी20 की हाल ही में संपन्न पहली स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक में भी जी20 प्रतिनिधियों ने भारत में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

आयुष मंत्रालय के निदेशक डॉ. शशि रंजन विद्यार्थी और पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी के निदेशक पीयूष तिवारी ने आयुष मंत्रालय के विशेष सचिव प्रमोद कुमार पाठक और आयुष मंत्रालय और आईटीडीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

– आईएएनएस

सूडोकु नवताल- 6618

✶✡✡✡✡ सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6617 का हल

8	2	4		9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

शब्द पहेली - 7681



बाएँ से दाएँ

1.रमण योग्य-4
4.साल,वर्ष-3
6.बांया-2
7.राय,वोट-2
9.तकरार,कहासुनी-4
11.अंधकार,अंधेरा-3
12.सरल,आसान-3
13.चील,ईगल-2
14.देवदास की प्रेमिका-2
15.सूली,क्रूस-3
17.कारण-3
19.मन को हरने वाला-4
21.कार्य,काज-2
23.बाण,तीर-2
24.दबाना,कुचलना-3
25.हाथी चलाने वाला-4

ऊपर से नीचे

1.परंपरा,रीति-रिवाज-4
2.संस्कृत में 'मेरा'-2
3.भरोसा,विश्वास-3
4.दीदी,भगिनी-3
5.समान,एक जैसा-2
8.अंधेरा,अंधकार-3
9.बोरिया बिस्तर-4
10.रिहा-2
12.तालाब,जलाशय-4
15.तमीज,शिष्टता-3
16.मछली,एक राशि-2
18.ज्वरताप-4
19.चिंतन,विचार-3
20.रनिवास (उर्दू-3)
22.नशा,अभिमान-2
23.पार्थिव देह,लाश-2

शब्द पहेली -7680 का हल

गी	ला		गा	य	क		दी	प
ति		बा	ल		चा	बी		व
का	ज	ल		भा		ना	खू	न
	ल		बा	व	न		न	
स	म	त	ल		ख	ट	ख	ट
	ह		क	रा	रा		रा	
प	ल	क		बी		शा	बा	श
र		ला	ल		आ	प		ह
ख	त		ता	जु	ब		ती	र

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। मन में काल्पनिक विचार आएंगे, जिससे सृजनात्मक शक्ति को उचित दिशा मिल जाएगी, लेकिन व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

वृष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसाकि क्षेत्र में छोटी-छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन समाधानकारी व्यवहार अपनाने से कार्यों में सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और महत्वपूर्ण कार्यों में सफल होंगे। नये कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

कर्क राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा। आज आपको संभलकर चलना होगा, अन्यथा किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार अच्छा चलेगा और आकस्मिक धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला राशि : आज का दिन बहुत अच्छा बीतेगा। व्यवसाय में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, जिससे शिथिलता एवं मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी। पैसों के लेन-देन से बचें और निवेश का निर्णय बुजुर्गों की सलाह लेकर ही करें।

मकर राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायियों को अच्छा मुनाफा कमाने के अवसर मिलेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन कड़े परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियों का भी भरपूर सहयोग मिलेगा।

मीन राशि : विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय भी अच्छा चलेगा, लेकिन छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी और धनलाभ भी हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

गुरुग्राम में नाबालिग ने पिता, भाई पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

गुरुग्राम। गुरुग्राम में 17 साल की एक लड़की ने अपने पिता और भाई पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि खेड़की दौला थाना क्षेत्र में हुई यह घटना तब सामने आई जब 11वीं कक्षा की छात्रा ने अपने स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों को बताया कि न केवल उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया, बल्कि आरोपी ने उसे यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसके कबूलनामे के बाद, उसे मामले की रिपोर्ट करने के लिए तुरंत पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी के गठन पर सिसोदिया ने वीसी को लिखा पत्र

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 28 कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के गठन में देरी पर चिंता जताई है। यह 28 कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं। अब इस विषय पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखा है। अपने इस पत्र में उन्होंने जल्द से जल्द जल्द से कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी का गठन करने का अनुरोध किया।

आरएसएस मार्च की अनुमति देने वाले आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

